Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 23 | शनिवार, 24 जनवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## वायु प्रदूषण पर बांबे हाई कोर्ट के तीखे तेवर, कहा- अधिकारी भी उसी हवा में सांस ले रहे



**मुंबई।** राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा कड़ा संज्ञान लेने के बाद बांबे हाई कोर्ट ने भी इसका अनुसरण किया है। कोर्ट ने शुक्रवार को सख्त रुख अपनाते हुए बृहन्नमुंबई नगर निगम के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने वायु प्रदूषण से निपटने के आदेश की जानबूझकर अवहेलना करने पर साफ कहा कि अधिकारी भी उसी अशुद्ध हवा में सांस ले रहे हैं और किसी अजनबी दुनिया में नहीं रह रहे हैं। समस्या से निपटने के लिए वास्तविक और ईमानदार प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और जस्टिस सुमन श्याम की पीठ ने एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआइ) में सुधार लाने के लिए कोर्ट के आदेश का अनुपालन न करने पर मुंबई और नवी मुंबई के नगर आयुक्तों का वेतन रोकने की चेतावनी भी दी।

## पीएम मोदी आज रोजगार मेले में 61000 से अधिक नियुक्ति पत्र सौंपेंगे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को 18वें रोजगार मेले में विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नव नियुक्त युवाओं को 61,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के अनुरूप रोजगार मेला इस दृष्टिकोण को साकार रूप देने के उद्देश्य से शुरू की गई महत्वपूर्ण पहल है। इसकी शुरूआत से लेकर अब तक देश भर में आयोजित रोजगार मेलों के माध्यम से 11 लाख से अधिक भर्ती पत्र जारी किए जा चुके हैं। 18वां रोजगार मेला देश भर के 45 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा, और भारत के सभी हिस्सों से चयनित नव नियुक्त उम्मीदवार सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में कार्यभार ग्रहण करेंगे।

## अब रेहड़ी पटरी वालों को पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड

# पीएम मोदी बोले- जिनके पास कोई गारंटी नहीं है, सरकार खुद उनकी गारंटर बन रही

**नई दिल्ली।**

रेहड़ी पटरी वालों को आसानी से बैंक ऋण उपलब्ध कराने वाली स्वनिधि योजना के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अब केरल की राजधानी तिरुअनंतपुरम से उनके लिए पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड लांच किया है। इस कार्ड से सड़क किनारे छोटा-मोटा कारोबार करने वाले लाखों लोगों को सीधा फायदा मिलेगा।



प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले यह सुविधा सिर्फ अमीरों के पास उपलब्ध थी, लेकिन अब पीएम स्वनिधि योजना के तहत रेहड़ी पटरी वालों के पास भी क्रेडिट कार्ड होंगे। उन्होंने कार्ड लांच करने के साथ ही एक लाख लाभार्थियों को पीएम स्वनिधि योजना के तहत ऋण भी वितरित किए। शहरी आजीविका को मजबूत करने के प्रयासों के तहत शुरू किया गया पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड वित्तीय समावेशिता के अगले चरण की शुरूआत है। यह कार्ड यूपीआइ से जुड़ा होगा और उसके जरिये निश्चित अवधि के लिए 10 से 30 हजार रुपये तक का ब्याज मुक्त लेनदेन किया जा सकेगा। इसमें नकदी निकासी की सुविधा नहीं होगी। लिहाजा यह डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देगा। प्रधानमंत्री ने क्रेडिट कार्ड और कई अन्य परियोजनाओं की शुरूआत करने के बाद एक सभा को संबोधित करते कहा कि पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड की शुरूआत रेहड़ी पटरी वालों, ठेला मालिकों और फुटपाथ पर सामान बेचने वालों के वित्तीय समावेशन और सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान केरल के 10,000 और तिरुवनंतपुरम के 600 से अधिक विक्रेताओं को क्रेडिट कार्ड दिए गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सड़कों और गलियों में सामान बेचने वालों की हालत पहले बहुत खराब थी। उन्हें सामान खरीदने के लिए कुछ सौ रुपये भी बहुत ऊंची ब्याज दर पर लेने पड़ते थे। इस पुरानी समस्या को दूर करने के लिए पीएम स्वनिधि योजना शुरू की गई थी। देशभर में लाखों रेहड़ी पटरी वाले पहले ही इस योजना से लाभान्वित हो चुके हैं। उन्हें अपने जीवन में पहली बार बैंक से ऋण मिला है। केंद्र सरकार ने लोगों को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने का बहुत बड़ा काम किया है। अब गरीब, एससी, एसटी, ओबीसी, महिलाओं और मछुआरों सभी को आसानी से बैंक ऋण मिल रहा है। जिनके पास कोई गारंटी नहीं है, सरकार खुद उनकी गारंटर बन रही है। आज पूरा देश विकसित भारत बनाने के प्रयासों में एकजुट है और इस यात्रा में शहरों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने इस क्रम में उनकी सरकार द्वारा गरीबों एवं वंचितों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का भी उल्लेख किया।

### तीन अमृत भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी

प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को तीन अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों और एक पैसेंजर ट्रेन सहित चार नई ट्रेनों को हरी झंडी भी दिखाई। नई अमृत भारत ट्रेनें नागरकोइल–मंगलुरु, तिरुवनंतपुरम–तांबरम और तिरुवनंतपुरम–चार्लापल्ली के बीच चलेंगी। वहीं पैसेंजर ट्रेन त्रिशूर और गुरुवयूर के बीच चलेगी। इन ट्रेनों के शुरू होने से केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के बीच लंबी दूरी और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी में काफी बढ़ोतरी होगी।

## 'वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की तो बीएलओ पर सख्त कार्रवाई'




**नई दिल्ली।**

चुनाव आयोग ने वोटर लिस्ट की शुद्धता से समझौता करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के खिलाफ सख्त कदम उठाने का फैसला किया है। आयोग ने साफ किया है कि अगर कोई बीएलओ जानबूझकर निदेशों का पालन नहीं करता है या लापरवाही करता है, तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बीएलओ चुनाव व्यवस्था के जमीनी स्तर के अधिकारी होते हैं, जो अपने बूथ पर वोटर लिस्ट को तैयार करने और अपडेट रखने का काम करते हैं। आम तौर पर एक बूथ पर करीब 970 मतदाता या 300 घर होते हैं। चुनाव आयोग ने राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को भेजे निर्देश में कहा है कि ड्यूटी में लापरवाही, गलत काम, जानबूझकर आदेश न मानना या वोटर लिस्ट की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाने जैसे मामलों में कार्रवाई जरूरी है। नए नियमों के तहत, जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) दोषी पाए गए बीएलओ को निलंबित कर सकता है और उसके खिलाफ विभागीय जांच की सिफारिश करेगा। संबंधित विभाग को छह महीने के भीतर कार्रवाई पूरी कर इसकी जानकारी देनी होगी।

## कर्नाटक विधान परिषद में राज्यपाल गहलोत के अपमान के आरोपों पर तीन बार स्थगन

**बेंगलुरु।**

कर्नाटक विधान परिषद में शुक्रवार को बार-बार व्यवधान उत्पन्न हुआ, जिसके परिणामस्वरूप कांग्रेस के एमएलसी बीके हरिप्रसाद द्वारा राज्यपाल थावरचंद गहलोत के अपमान के आरोपों पर तीन बार स्थगन किया गया।



दो स्थगनों के बाद परिषद की अध्यक्ष बसवराज होराट्टी ने हरिप्रसाद के आचरण को नैतिकता समिति के पास भेजने का आदेश दिया, जब विपक्षी भाजपा के एमएलसी ने शिकायत दर्ज कराई। होराट्टी ने हरिप्रसाद की उस मांग को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने राज्यपाल द्वारा राष्ट्रीय गान के अपमान के आरोप पर चर्चाकरने की मांग की थी, क्योंकि वह गान बजने का इंतजार किए बिना सदन से बाहर चले गए थे। हरिप्रसाद ने गुरुवार को गहलोत को रोकने की कोशिश की, जब अन्य कांग्रेस सदस्य ने उनके संबोधन के तुरंत बाद उन्हें 'घेराव' करने का प्रयास किया, जो उन्होंने कर्नाटक विधानमंडल के संयुक्त सत्र में केवल दो पंक्तियां पढ़कर समाप्त किया था। जैसे ही शुक्रवार को सत्र शुरू हुआ भाजपा के एमएलसी ने राज्यपाल से "बदतमीजी" के लिए हरिप्रसाद को सदन से बर्खास्त करने की मांग की।

## जो ग्रीनलैंड पर राज करेगा वही बनेगा अंतरिक्ष का सिकंदर धमकियों के बीच छिपा है ट्रंप का असली सैन्य मकसद

**नई दिल्ली।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ग्रीनलैंड को लेकर अपनी बात हर रोज बदल रहे हैं। कभी धमकी देते हैं तो कभी अमेरिका के अहसान याद दिलाते हैं और कभी सेना का इस्तेमाल न करने की बात कहते हैं। इन सबके बीच एक चीज में निरंतरता है। वह इस बात पर लगातार जोर दे रहे हैं कि आर्कटिक आइसलैंड अमेरिका के लिए रणनीतिक नजरिये से बेहद अहम है।



ट्रंप ऐसा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि आउटर स्पेस (बाहरी अंतरिक्ष) में सैन्य इस्तेमाल के लिए तैनात किए गए सेटेलाइट की संख्या दिनों दिन बढ़ रही है। ऐसे में ग्रीनलैंड आने वाले समय में आउटर स्पेस की निगरानी करने और उसे कंट्रोल करने का सबसे मजबूत बेस बनेगा। इसके अलावा जलवायु परिवर्तन की वजह से आर्कटिक की बर्फ पिघल रही है और ऐसे में नए समुद्री मार्ग खुलेंगे। ऐसे में यहां से व्यापार के नए रूट भी निकलेंगे। यह बात ग्रीनलैंड की रणनीतिक स्थिति को और भी अधिक महत्वपूर्ण बना देती है। जैसे-जैसे दुनिया भर में तनाव बढ़ रहा है, यह द्वीप भू-राजनीतिक दबाव का केंद्र बिंदु बन गया है। यह दिखाता है कि पुराना अंतरराष्ट्रीय कानूनी तंत्र कैसे कमजोर पड़ने लगा है। इन सबके केंद्र में पिटुफिक स्पेस बेस है, जिसे पहले थुले एयर बेस के नाम से जाना जाता था। शीत युद्ध के दौर में अहम पोस्ट रहा यह बेस अब अमेरिकी सेना के स्पेस फोर्स हब का एक अहम हिस्सा है, जो मिसाइल का पता लगाने से लेकर मौसम की निगरानी तक हर चीज के लिए जरूरी है। आज की दुनिया में ऑर्बिट नई रणनीतिक संपत्ति है।

## बिहार के लिए बड़ा फायदा! बंटवारे में पहली बार मिल सकता 900 क्यूसेक गंगा जल



**पटना।**

गंगा के पानी में बिहार को 900 क्यूसेक की हिस्सेदारी मिल सकती है। अगर ऐसा हुआ तो यह पहली बार होगा, क्योंकि अभी तक गंगा के पानी में बिहार का कोई हिस्सा निर्धारित नहीं है। हालांकि, इसका अंतिम रूप से निर्णय नहीं हुआ है, लेकिन गंगा जल बंटवारे के लिए गठित जल शक्ति मंत्रालय की आंतरिक समिति ने अपनी रिपोर्ट में बिहार को शुष्क अवधि में 900 क्यूसेक पानी देने की अनुशंसा की है। जनवरी से मई तक का समय शुष्क अवधि होता है, जब पानी की सर्वाधिक किल्लत होती है। बांग्लादेश और भारत के बीच गंगा जल बंटवारे की संधि 30 वर्ष पहले हुई थी, जिसकी अवधि इस वर्ष 12 दिसंबर को समाप्त हो रही है। संधि के नवीकरण के लिए दोनों देशों की ओर से गंगा में पानी की वर्तमान उपलब्धता का आकलन हो रहा है। यह आकलन पिछले सप्ताह शुरू हुआ है, जो क्रमशः मई तक चलेगा। आंतरिक समिति ने की अनुशंसा, बांग्लादेश से जल संधि के नवीनीकरण के समय पक्की स्थिति होगी स्पष्ट पानी मिलेगा जनवरी से मई के बीच की शुष्क अवधि में, अभी तक बिहार का कोई हिस्सा निर्धारित नहीं हिस्सा तय होने पर बिहार के दक्षिणी हिस्से में पेयजल और सिंचाई के लिए पानी की आवश्यकता होगी पूरी उसके बाद दोनों देशों के बीच पानी के बंटवारे का फामूर्ला तय होगा। सूत्रों के अनुसार, बिहार ने भी इस समझौते में एक पक्ष बनने की अपेक्षा जताई थी, इस आशा के साथ कि उसकी कम-से-कम 2000 क्यूसेक की हिस्सेदारी तय हो जाएगी।

## हादसों पर लगेगी लगाम

### गडकरी का बड़ा ऐलान, 'व्हीकल-टू-व्हीकल' संचार से बचेंगी जानें



**नई दिल्ली।**

सड़क हादसों और उनमें होने वाली मौतों को कम करने के लिए केंद्र सरकार नई तकनीक पर जोर दे रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि वाहनों के बीच आपसी संवाद (व्हीकल-टू-व्हीकल कम्युनिकेशन) प्रणाली विकसित करने के लिए दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने 30 गीगाहट्र्ज रेडियो फ्रीक्वेंसी आवंटित की है। इस तकनीक से वाहन एक-दूसरे को समय रहते जानकारी दे सकेंगे, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका घटेगी।गडकरी ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की बैठक में कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर समन्वित और बहुआयामी प्रयास जरूरी हैं।


## शिमला-मनाली में सीजन की पहली बर्फबारी, हजारों पर्यटक फंसे

**नई दिल्ली।**

उत्तर भारत के कई राज्यों में शुक्रवार को मौसम में बदलाव देखने को मिला। बर्फबारी ने पहाड़ी इलाकों को प्रभावित किया। दिल्ली-एनसीआर सहित अन्य मैदानी इलाकों में लगातार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। बेमौसम बर्फबारी और बारिश से मौसम का मिजाज बदल गया। शिमला व मनाली में सीजन की पहली बर्फबारी हुई। बर्फबारी से कश्मीर का सड़क व हवाई संपर्क देश से कटा रहा। जम्मू-श्रीनगर हाईवे बंद होने से वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। वहीं, पुंछ के रास्ते कश्मीर को जोड़ने वाला मुगल रोड़ भी बंद है। श्रीनगर हवाई अड्डे से सभी उड़ानें रद रहीं शिमला व मनाली में सीजन का पहला हिमपात शिमला और मनाली में सीजन का पहला हिमपात हुआ। शिमला शहर में 2022 के बाद जनवरी में अधिक हिमपात दर्ज किया गया है। शुक्रवार को तड़के चार बजे से शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर जिलों में 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी चली, कई घरों की छतें उड़ गईं। ताजा हिमपात और वर्षा के बाद समूचा प्रदेश शीतलहर की चपेट में है। मौसम विभाग ने 2500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमस्खलन की चेतावनी दी है। प्रदेश में करीब 600 बसों के फंसने की सूचना है। उधर, सोलन में शुक्रवार को पहाड़ी से पत्थर गिरने से 15 वर्षीय लड़की हिमानी की मृत्यु हो गई। पीड़ित परिवार को तात्कालिक राहत राशि के रूप में 25 हजार रुपये दिए गए।

### टिटवाल में वर्ष 2005 के बाद पहली बार हिमपात हुआ

कुपवाड़ा में एलओसी के साथ सटे करनाह, टिटवाल में वर्ष 2005 के बाद पहली बार हिमपात हुआ है। करनाह के निचले इलाकों में दो से पांच इंच तक बर्फ रिकार्ड की गई है। श्रीनगर के अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर दृष्यता का अभाव होने और रनवे पर बर्फ जमा होने के कारण विमानों की आवाजाही अगले सूचना तक बंद कर दी गई है। दिल्ली में खराब मौसम के बावजूद गणतंत्र दिवस समारोह संपन्न हुआ।



## संपादक की कलम से

# मदर ऑफ ऑल डील्स

इस बार गणतंत्र दिवस के अगले ही दिन 27 जनवरी ऐतिहासिक साबित हो सकती है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए जा सकते हैं। यूरोपीय संघ आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर ने इसके स्पष्ट संकेत देते हुए इसे मदर ऑफ ऑल डील्स करार दिया है। यह कथन स्वाभाविक भी है। भारत 147 करोड़ से अधिक की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है और विश्व की चौथी सबसे बड़ी



ललित शर्मा
संपादक

अर्थव्यवस्था है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक के आकलन हैं कि 2026-27 में भी भारत की अर्थव्यवस्था, करीब 6.5 फीसदी की विकास दर के साथ, सबसे तेज गति वाली होगी। आईएमएफ की उप प्रबंध निदेशक रह चुकीं गीता गोपीनाथ का आकलन है कि 2028 में ही भारत तीसरे स्थान की अर्थव्यवस्था बन सकता है। ऐसे देश के साथ व्यापार समझौता करने से यूरोपीय देशों को एक व्यापक, विविध बाजार मिलेगा। यूरोप के 27 देश, 22.5 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी, करीब 46 करोड़ आबादी, करीब 49,000 डॉलर की औसतन प्रति व्यक्ति आय वाले देशों के संघ के साथ भारत का एफटीए, यकीनन, पूरी दुनिया के लिए चौंकाने वाला संदेश लाएगा। यह समझौता 193 करोड़ से अधिक की आबादी के लिए बेहद अहम होगा। नए व्यापारिक आयाम खुलेंगे, उत्पादों की मांग बढ़ेगी, उत्पादन में बढ़ोतरी होगी, नतीजतन नए रोजगार भी पैदा होंगे। गौरतलब यह है कि 19 साल से दोनों के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत के कई दौर जारी रहे। तब इसे ब्रॉड बेस्ड ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट एग्रीमेंट (बीटीआईए) नाम दिया गया था, लेकिन 2007-13 के बीच संवाद के कई दौरों के बावजूद व्यापार समझौता सहमतियों तक पहुंच नहीं पाया। यूरोपीय संघ बाजार तक पहुंच, टैक्स, बौद्धिक अधिकार एवं संपदा, श्रम कानून-नियम, पर्यावरण मानकों सरीखे मुद्दों पर सहमत नहीं होता था। कार्बन फुटप्रिंट को लेकर आज भी यूरोप के सवाल यथावत हैं। हालांकि भारत ने वैकल्पिक प्रयासों से कार्बन उत्सर्जन को लगभग शून्य करने के लिए ईमानदार उपक्रम भी किए हैं। मसलन-वनों के विस्तार, स्वच्छ ऊर्जा आदि। जाहिर है कि यूरोपीय संघ ने पर्यावरण और प्रदूषण को लेकर भारत की गंभीरता को समझा होगा। बहरहाल यह समझौता सालों तक टलता रहा, लटकता रहा, अंततः 2022 में नई राजनीतिक इच्छा के साथ एक व्यापक एफटीए को पूरा करने पर बातचीत शुरू हुई। वित्त वर्ष 2024-25 में यूरोपीय संघ को भारत का निर्यात 75.85 अरब डॉलर रहा, जबकि आयात 60.68 अरब डॉलर का किया गया। फिर भी यूरोप को भारत का निर्यात, चीन की तुलना में, कई गुना कम है। अब यूरोपीय संघ, भारत के लिए, सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन सकता है। भारत से भेजे गए कपड़े, रेडीमेड वस्त्र, चमड़े के सामान, समुद्री उत्पाद आदि पर अभी 2-12 फीसदी टैक्स लगता है। दवाएं, खासकर जेनेरिक दवाएं, रसायन के संदर्भ में, एफटीए के बाद, मंजूरी प्रक्रिया, कर और अन्य मानक अपेक्षाकृत आसान होंगे। जाहिर है कि उत्पाद सस्ते पड़ेंगे, लिहाजा यूरोपीय बाजार में ज्यादा बिकेंगे। एफटीए से भारत को यूरोपीय संघ के कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म से छूट मिलेगी। हालांकि दोनों पक्षों का लक्ष्य है कि 2050 तक कार्बन उत्सर्जन को शून्य तक लाया जाए। इस्पात और एल्यूमीनियम का उत्पादन करने वाले भारत के लिए यह कर पाना वाकई एक बड़ी चुनौती है। फिलहाल यूरोपीय वाइन और स्पिरिट्स पर 150-200 फीसदी तक टैक्स लगता है। यूरोप से प्रीमियम और लग्जरी कारों पर भी 100-125 फीसदी तक आयात शुल्क लगता है।

## कविता

### अनकहा इश्क

डॉ.राजीव डोगरा



मैं जानती हूं
तुम सब जानते हो
फिर ये भ्रम की माया
क्यों नहीं पहचानते हो ?

जानते हो तुम मेरी
मुस्कुराहट की वजह
फिर मुस्कुरा औरो से
मेरे सीने को क्यों छली करते हो।

मैं जानती हूं
तुम मेरी फिक्र बहुत करते हो
छू न जाए हवा भी मुझे
इस बात से भी डरते हो।

सुना है तुम जीत लेते हो
सब का हृदय
फिर मेरी एक मुस्कुराहट के आगे
क्यों खुद को हारे हुए बैठे हो ?

लिखते हो तुम
अपनी गजलों में मेरे बारे में
फिर मेरा नाम
सरेआम लेने से क्यों डरते हो।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# वाइफ स्वैपिंग और हमारे रिश्तों की टूटती नींव: समाज का आईना



प्रियंका सौरभ

कुछ विषय ऐसे होते हैं जिन पर लिखना आसान नहीं होता। वे केवल शब्दों की नहीं, बल्कि सामाजिक, मानसिक और नैतिक साहस की भी माँग करते हैं। यह विषय भी उन्हीं में से एक है, जहाँ चुनौती केवल प्रस्तुति की नहीं, बल्कि उस सच को सामने लाने की है जिसे समाज अक्सर ढककर रखना चाहता है। संस्कृति की आड़ में या आधुनिकता के नाम पर जिस चुपचाप गिरावट को स्वीकार किया जा रहा है, उस पर प्रश्न उठाना अब जरूरी हो गया है। आज जब परिवार की पवित्र संस्था पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं, वाइफ स्वैपिंग जैसी प्रवृत्ति न केवल वैवाहिक बंधनों को चुनौती दे रही है, बल्कि पूरे समाज के मूल्यों को झकझोर रही है।

वाइफ स्वप्पिंग सुनते ही अधिकतर लोग इसे पश्चिमी संस्कृति या महानगरों तक सीमित मान लेते हैं। यह सोच हमें आत्मसंतोष देती है, लेकिन सच्चाई इससे कहीं अधिक असहज और व्यापक है। क्या यह प्रवृत्ति वास्तव में केवल बड़े शहरों तक सीमित है, या फिर इसकी छाया गाँवों और छोटे कस्बों तक भी पहुँच चुकी है—बस हम उसे देखने से बच रहे हैं? उत्तर प्रदेश, केरल और लद्दाख जैसे क्षेत्रों से सामने आए मामले बताते हैं कि यह समस्या ग्रामीण और शहरी दोनों स्तरों पर मौजूद है। यह विषय सनसनी फैलाने के लिए नहीं, बल्कि समाज के भीतर बदलते रिश्तों को समझने के लिए जरूरी है। यह विवाह संस्था की कमजोर होती नींव, रिश्तों में बढ़ती दरार और आधुनिकता के नाम पर मूल्यों की गलत व्याख्या की ओर ध्यान दिलाता है। यह केवल शारीरिक इच्छा का प्रश्न नहीं, बल्कि असुरक्षा, मानसिक अधूरापन, संवादहीनता और सामाजिक पाखंड का परिणाम भी है। मनोवैज्ञानिक दृष्टि से इसमें भावनात्मक शोषण, ईर्ष्या और विश्वास का पूर्ण विघटन होता है। इस तरह के संवेदनशील विषय को संतुलित और मर्यादित भाषा में रखना अत्यंत आवश्यक है, ताकि गंभीरता बनी रहे। यह भी सामने आता है कि किस प्रकार सामान्य दिखने वाले परिवार धीरे-धीरे ऐसे कुचक्र में फँस जाते हैं, जहाँ रिश्ते भावनाओं की जगह समझौते और दिखावे का रूप ले लेते हैं। बैंगलोर, हापुड़ जैसे स्थानों से सामने आए मामले इसकी पुष्टि करते हैं। आज यह मान लेना भूल होगी कि ऐसी प्रवृत्तियाँ केवल महानगरों तक सीमित हैं। सोशल मीडिया और इंटरनेट ने जहाँ स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति के नए रास्ते खोले हैं, वहीं मूल्यों के क्षरण को भी आसान बना दिया है।

आभासी दुनिया में सामान्य लगने वाली भाषा, व्यवहार और रिश्ते वास्तविक जीवन में परिवारों की नींव हिला रहे हैं। आईटी क्रांति, उपभोक्तावादी संस्कृति और पश्चिमी प्रभाव ने युवा वर्ग में प्रयोग की होड़ बढ़ाई है। आर्थिक असमानता, संयुक्त परिवार का विघटन और महिलाओं की आर्थिक निर्भरता इसे बढ़ावा दे रही हैं। मनोवैज्ञानिक रूप से यह यौन असंतोष, ईर्ष्या और रोमांच की तलाश से उपजता है। भारतीय संदर्भ में यह पुरुषप्रधान समाज की देन है। पत्नियाँ डर के मारे चुप रहती हैं—तलाक का कलंक, आर्थिक असुरक्षा या परिवार का विघटन। सोशल मीडिया ग्रुप्स ने इसे संगठित रूप दिया है। टियर-2 शहरों में तकनीक-साक्षर युवा इसमें लिप्त हैं। इसके प्रभाव विनाशकारी हैं। वैवाहिक स्तर पर विश्वास टूटता है, ईर्ष्या बढ़ती है, भावनात्मक लगाव नए पार्टनर से हो जाता है। बच्चों पर असर लंबे समय तक रहता है—वे असुरक्षा और रिश्तों की अस्थिरता सीखते हैं। विस्तारित परिवार समर्थन छोड़ देता है। समाज स्तर पर यह नैतिक क्षय और महिलाओं के शोषण को बढ़ावा देता है। भारत में परिवार संरचना बदल रही है, लेकिन यह विकृति नई चुनौतियाँ ला रही है।

यह विमर्श केवल प्रश्न खड़े नहीं करता, बल्कि समाधान की ओर भी संकेत करता है। परिवार स्तर पर खुला संवाद, काउंसलिंग, भावनात्मक अंतरंगता आवश्यक है। समाज स्तर पर स्कूलों में नैतिक शिक्षा, महिलाओं का सशक्तिकरण जरूरी है। कानूनी स्तर पर कढउ धाराओं का सख्त उपयोग, परिवार परामर्श नीतियाँ बनानी चाहिए।

यह विषय अश्लीलता नहीं, बल्कि समाज का आईना है। यह पाठक को असहज करता है, सोचने पर मजबूर करता है।

शायद इसी असहजता में इसका सबसे बड़ा सामाजिक महत्व निहित है—कि हम अपने रिश्तों को पुनः परिभाषित करें। समय है जागने का।

# विपरीत परिस्थितियों में भी भारत की नीतियों का कमाल

निश्चित रूप से यह चमत्कार से कम नहीं है कि वर्ष 2014 के पहले मनमोहन सिंह की कांग्रेस की सरकार के समय भारत विश्व में 11वीं आर्थिक शक्ति में गिना जाता था। 2014 में भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनते ही सबसे पहले आर्थिक मजबूती की नीतियों पर ध्यान देते हुए भारत की अंदरूनी अर्थशास्त्र मरम्मत करते हुए आज 2025 में विश्व की जापान जैसी चौथी आर्थिक शक्ति को पीछे छोड़ते हुए वैश्विक स्तर पर चौथी महाशक्ति बन गया है। सकल जीडीपी में भारत ने उत्साह जनक वृद्धि करते हुए आश्चर्यजनक रूप से चौथी अर्थव्यवस्था बनने का कम समय में रिकॉर्ड बनाया है और अब तीसरी महाशक्ति बनने की ओर तेजी से अग्रसर है यह भी सर्व विदित है कि भारत अपनी आर्थिक मजबूती के पायदान पर खड़ा होकर एक बड़ी सामरिक शक्ति भी बन गया है.

यह ऐसे समय में भारत ने किया है जब भारत के समक्ष विपरीत परिस्थितियों पहाड़ बनकर खड़ी हुई है ऑपरेशन सिंदूर में सामरिक तौर पर पाकिस्तान को परास्त करते हुए अमेरिका चीन पाकिस्तान तुर्की जैसे देशों का मुकाबला डटकर किया है। भारत ऑपरेशन सिंधु चलते हुए पाकिस्तान के 9 हवाई बेस अड्डों को नष्ट किया है के अलावा 100 आतंकवादियों को मार भी गिराया है ट्रंप ने इस मामले में दबाव डालने का भरपूर प्रयास किया था भारत के कड़े रुख के कारण अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपने बयान से यू टर्न लेना पड़ा और भारत और पाकिस्तान के बीच से अपना हाथ खींच लिया है। अब भारत में कूटनीतिक तौर पर अपने 60 से अधिक सांसदों को विदेश विभिन्न देशों में अपने सांसदों का दल भेज कर भारत का रुख साफ करने एवं पाकिस्तान की काली करतूत के तहत विभिन्न आतंकवादी गतिविधियों को संचालित करने का पदार्फास भी किया है। भारत ना सिर्फ चौथी आर्थिक शक्ति बना है बल्कि सामरिक तौर पर अपनी फौज के दम पर पाकिस्तान जैसे आतंकवादी देश को परास्त करते हुए चौथी आर्थिक महाशक्ति बन गया है। अब वह दिन दूर नहीं जब भारत अपनी वर्तमान की आर्थिक नीतियों पर चलते हुए बहुत शीघ्र जर्मन जैसे शक्तिशाली देश को पीछे छोड़ते हुए तीसरी महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर हो गया है। भारत सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि किसी भी देश की नियत साफ हो तो वह किसी भी दिशा में सकारात्मक रूप से शांति स्थापना की अच्छी मंशा को लेकर वैश्विक स्तर पर अच्छी छवि बनाकर सिरमौर भी बन सकता है। भारत 142 करोड लोगों के श्रम के हाथों और मजबूत आर्थिक नीतियों के चलते 4000 अरब डॉलर वाला कुल सकल उत्पाद की ताकत के बाद वैश्विक स्तर पर चौथी आर्थिक ताकत बनकर उभरा है। भविष्य में भारत को अपने नागरिकों के श्रम के दम पर बहुत शीघ्र जर्मनी जैसे ताकतवर पश्चिमी देश को पीछे छोड़कर तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। वर्तमान में भारत अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 40 पैसे मजबूत हुआ है। इंटरनेशनल मोनेटरी फंड तथा विश्व बैंक ने भारत की प्रशंसा करते हुए कहा है कि विश्व की दूसरी अर्थव्यवस्थाओं के लगातार प्रदर्शन के बीच भारत की अंदरुनी अर्थव्यवस्था काफी मजबूत हुई है तथा यह मजबूत अर्थव्यवस्था लगातार जारी रहने की संभावना है। ऑपरेशन सिंदूर के पश्चात यह बहुत शुभ खबर है कि पाकिस्तान में हमले के बाद इसराइल फ्रांस ब्रिटेन एवं अन्य यूरोपीय देशों के साथ-साथ खाड़ी के देश भी भारत के सामरिक अस्त्र-शस्त्र खरीदने की होड़ में शामिल हो गए हैं एवं भारत में बने रक्षा उत्पादों को खरीदने की मंशा रखते हैं। भारत को न सिर्फ निर्यात बल्कि देश के लिए उपयोगी आवश्यक वस्तुओं का आयात भी करना होगा तब जाकर हम तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर उन्मुख हो सकते हैं। भारत के प्रधानमंत्री ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब हमें चीन के सामानों का उपयोग ना करके घर में ही उत्पादन बढ़ाकर आर्थिक रूप से चीन को करारा जवाब देकर उसे आर्थिक रूप से परास्त करना है। भारत ने डिजिटल टेक्नोलॉजी को काफी हद तक विस्तृत कर पूरी दुनिया में यह साबित कर दिया है कि डिजिटाइजेशन में भारत बहुत आगे बढ़ गया है और भारत की विशाल जनसंख्या को हमने बोझ बनने ना देकर उसे अपनी शक्ति के तौर पर इस्तेमाल किया है और यही कारण है कि हम अपने निरंतर आर्थिक सुधारो तथा ग्रामीण क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर में अभूतपूर्व परिवर्तन कर देश को एक नया सकारात्मक आकार दिया है। वैश्विक स्तर पर भारत के चौथी महाशक्ति बनने के साथ-साथ एक स्वर्णिम अध्याय भी शुरू हुआ है।



संजीव ठाकुर

भारत की नीति आयोग की आवश्यक मीटिंग में इस बात को उजागर किया गया है एवं इंटरनेशनल मोनेटरी फंड के उपलब्ध कराये हुए डेटाबेस के आधार पर भारत चौथी आर्थिक महाशक्ति के पद पर काबिज हो गया है उल्लेखनीय है कि भारत के पहले बाहुबली अमेरिका भारत का परंपरागत विरोधी चीन और जर्मनी मौजूद हैं। 2014 के पहले यूपीए सरकार के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के समय भारत विश्व की 11वीं आर्थिक शक्ति बना था इसके पश्चात नरेंद्र मोदी की सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में भारत को गुलाम रखने वाले देश ब्रिटेन को पीछे छोड़कर पांचवी आर्थिक शक्ति का पद हासिल किया था। भारत में स्वतंत्रता के बाद से आर्थिक सामाजिक वैज्ञानिक तथा स्वास्थ्य सेवाओं में भारी वृद्धि कर एक सकारात्मक विचारों वाली सरकार को आगे बढ़ाया था। भारत में 1947 के बाद धीरे-धीरे वृद्धि की और अपनी आर्थिक तथा सामरिक शक्ति को सदैव शांति के पक्ष में रखकर आक्रमण न करने की नीति को अपनाया था। 2014 में नरेंद्र मोदी की सरकार ने आर्थिक नीतियों पर ज्यादा जोर देते हुए नई-नई नीतियों तथा विदेशी शक्तियों से हाथ मिलाकर आयात निर्यात को बहुत ज्यादा बढ़ावा दिया और अपनी जनसंख्या को ताकत बनते हुए घरेलू सकल उत्पाद पर ज्यादा ध्यान देते हुए 2025 तक तीसरे कार्यकाल में यह स्वर्णिम उपलब्धि प्राप्त की है।

गौरतलाप है कि 1947 में भारत के साथ पाकिस्तान भी स्वतंत्र हुआ था किंतु पाकिस्तान अपनी आतंकवादी काली करतूत के कारण भुखमरी का कगार पर खड़ा है एवं उसके अस्तित्व के संकट के बादल सर पर मंडरा रहे हैं वह भीख का कटोरा लेकर दर-दर घूम रहा है परंतु उसे कोई उधार देने को भी तैयार नहीं है। इन परिस्थितियों में जब ट्रंप की नई सरकार ने सभी देशों पर भारी टैरीफ लगाने नीति अपनाई है जिसके परिणाम स्वरूप यूरोपीय देश भी उससे अलग होने की जुगत में लगे हुए हैं। परिस्थितियों को देखते हुए कोई शक नहीं जब भारत बहुत जल्द तीसरी महाशक्ति बनेगा एवं अपनी सामरिक शक्ति के साथ पूरे विश्व का नेतृत्व करने की क्षमता प्राप्त कर सकता है।

## विश्व शिक्षा दिवस: 24 जनवरी 2026

# शिक्षा रोजगार का टिकट नहीं, जीवन का दर्शन बन



ललित गर्ग

विश्व शिक्षा दिवस कोरा उत्सव नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर है, यह सोचने का क्षण कि शिक्षा क्या है, किसके लिए है और किस दिशा में समाज को ले जा रही है। भारत इस संदर्भ में केवल एक देश नहीं, बल्कि एक जीवित सभ्यता है, जिसने शिक्षा को कभी भी मात्र रोजगार या सूचना का साधन नहीं माना, बल्कि जीवन-निर्माण, चरित्र-गठन और आत्मबोध की प्रक्रिया के रूप में जिया है। आज जब दुनिया ज्ञान, तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अभूतपूर्व दौर में खड़ी है, तब भारत की प्राचीन गुरुकुल परंपरा और उसके शैक्षिक सूत्र वैश्विक नेतृत्व का आधार बन सकते हैं। इस वर्ष की थीम ह्यशिक्षा के सह-निर्माण में युवाओं की शक्तिह्न है, जो शांति और विकास के लिए शिक्षा के महत्व पर केंद्रित है, यह दिन शिक्षा को एक मौलिक अधिकार और भविष्य की पूंजी के रूप में रेखांकित करने के लिए मनाया जाता है, ताकि गरीबी मिटाई जा सके, लैंगिक समानता लाई जा सके और सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जा सके। जिसकी आवश्यकता इसलिए भी है क्योंकि लाखों बच्चे एवं युवा शिक्षा से वंचित हैं और यह दिन युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बनाता है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित यह दिवस, शांति और विकास के लिए शिक्षा की भूमिका का जश्न मनाता है। यह शिक्षा को एक मौलिक मानवाधिकार, सार्वजनिक हित और जिम्मेदारी के रूप में स्थापित करता है। यह दिन गरीबी के चक्र को तोड़ने और लैंगिक समानता प्राप्त करने के लिए शिक्षा की आवश्यकता पर जोर देता है। यह दिन शिक्षा को भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी मानता है, जो समाज को अंधकार से बाहर निकाल सकती है और भविष्य के निमार्ताओं को तैयार कर सकती है। भारत की प्राचीन शिक्षा परंपरा का मूल मंत्र था-सा विद्या या विमुक्तये, अर्थात वही विद्या है जो मुक्त करे। गुरुकुलों में शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं थी;



वह आचरण, अनुशासन, प्रकृति के साथ सामंजस्य, गुरु-शिष्य संवाद और जीवनोपयोगी कौशल का समन्वय थी। गुरु केवल विषय का अध्यापक नहीं, बल्कि जीवन-द्रष्टा होता था और शिष्य केवल परीक्षा-उत्तीर्ण करने वाला विद्यार्थी नहीं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायी नागरिक। आश्रम-व्यवस्था में रहकर विद्यार्थी सेवा, श्रम, ध्यान, तर्क और प्रयोग-इन सबके माध्यम से समग्र व्यक्तित्व का विकास करता था। यह शिक्षा आत्मनिर्भरता सिखाती थी, प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि सह-अस्तित्व का बोध कराती थी और ज्ञान को जीवन से जोड़ती थी। औपनिवेशिक काल में यह समग्र शिक्षा व्यवस्था व्यवस्थित रूप से ध्वस्त की गई। लॉर्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति का उद्देश्य भारतीयों को शिक्षित बनाना नहीं, बल्कि प्रशासन के लिए क्लर्क तैयार करना था-ऐसे लोग जो सोच में अंग्रेज हों, रंग में भारतीय। इस पद्धति ने शिक्षा को जीवन से अलग कर दिया, भाषा को जड़ों से काट दिया और ज्ञान को रटंत, अंक-केंद्रित और नौकरी-उन्मुख बना दिया। आजादी के बाद भी दुर्भाग्यवश, भारत लंबे समय तक उसी ढांचे में फंसा रहा। विद्यालय और विश्वविद्यालय बढ़े, लेकिन शिक्षा की आत्मा कमजोर होती चली गई। डिग्रियों की संख्या बढ़ी, पर कौशल, नैतिकता और नवाचार का संकट गहराता गया। स्वतंत्र भारत की शिक्षा प्रणाली ने कुछ सकारात्मक प्रयास अवश्य किए-सार्वजनिक विश्वविद्यालय, वैज्ञानिक संस्थान, तकनीकी शिक्षा लेकिन व्यापक स्तर पर शिक्षा समाज की आवश्यकताओं से कटती गई। पाठ्यक्रम बोझिल होते गए, परीक्षाएं स्मृति-आधारित बनती गईं और शिक्षक-छात्र संवाद औपचारिकता में सिमट गया। शिक्षा रोजगार का टिकट बन गई, जीवन का दर्शन नहीं। यही कारण है कि आज शिक्षित युवा भी दिशाहीनता, बेरोजगारी और मानसिक तनाव से जूझ रहा है। इसी पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लाई गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एक निर्णायक मोड़ के रूप में सामने आती है। यह नीति केवल संरचनात्मक सुधार नहीं, बल्कि वैचारिक बदलाव का संकेत देती है। इसमें भारतीय भाषाओं को शिक्षा का माध्यम बनाने, बहु-विषयक अध्ययन, रटंत विद्या से मुक्ति, कौशल विकास, अनुसंधान, नवाचार और नैतिक शिक्षा पर बल दिया गया है। यह नीति स्पष्ट रूप से मैकाले की शिक्षा पद्धति से बाहर निकलने की दिशा में कदम है-जहां शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी नहीं, बल्कि सक्षम, सृजनशील और संवेदनशील मानव का निर्माण है। नई शिक्षा नीति में कौशल विकास, अनुभवात्मक अधिगम, खेल, कला और व्यावसायिक शिक्षा को महत्व देना, उच्च शिक्षा में विषयों की कठोर सीमाओं को तोड़ना-ये सभी कदम गुरुकुल परंपरा की आधुनिक पुनर्व्याख्या जैसे हैं। मातृभाषा में शिक्षा का आग्रह न केवल संज्ञानात्मक विकास को सुदृढ़ करता है, बल्कि सांस्कृतिक आत्मविश्वास भी लौटाता है। यह नीति भारतीय ज्ञान परंपरा-योग, आयुर्वेद, दर्शन, गणित, खगोल को वैश्विक संदर्भ में पुनर्स्थापित करने का अवसर देती है। फिर भी, यह स्वीकार करना होगा कि नीति और क्रियान्वयन के बीच की दूरी अभी भी बड़ी चुनौती है। व्यापक परिवर्तन की अपेक्षाएं अभी अधूरी हैं। शिक्षा को वास्तव में कौशल विकास का केंद्र बनाना होगाकृजहां विद्यार्थी केवल पढ़े नहीं, बल्कि कर सके, सोच सके, समस्या सुलझा सके। पाठ्यपुस्तकों और रटंत विद्या से हटकर शिक्षा को जीवन-विकास का आधार बनाना होगा। शिक्षक को फिर से गुरु की भूमिका में लाना होगा-मार्गदर्शक, प्रेरक और सहयात्री के रूप में। तकनीकी विकास, नवाचार और एआई के युग में भारतीय शिक्षा पद्धति के सामने दोहरी चुनौती है। एक ओर, उसे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सक्षम बनना है-डिजिटल साक्षरता, डेटा, विज्ञान और तकनीक में अग्रणी होना है।

# साल की पहली बर्फवारी से पर्यटकों सहित जिलेवासियों में खुशी की लहर

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर**, जिले में वर्ष की पहली बर्फवारी हुई है ।लम्बे समय से बारिश का इंतजार कर रहे काश्तकारों में भी खुशी की लहर है ।कपकोट के उच्च हिमालयी क्षेत्र धुर बघर,विनायक, सहित मिनी स्विट्जरलैंड के नाम से विख्यात पर्यटक नगरी कौसानी और अन्य स्थानों में तेज बारिश के साथ हिमपात हुआ है ।साल की पहली बर्फवारी देख हर किसी मे खुशी की लहर है ।वही पर्यटकों ने कौसानी में बर्फवारी के बीच खूब मस्ती की ।बर्फवारी देख पर्यटक गदगद हो गए ।वही पर्यटक इसे प्रकृति की अनुपम छटा बताते हुए यहाँ पहुंचने पर बर्फवारी देखने की इच्छा लेकर पहुँचे थे, जो आश पूरी होने पर सभी पर्यटक कड़ी ठंड में बर्फवारीके बीच मौज मस्ती करते हुए बर्फवारी का लुत्फ उठाते नजर आए ।सभी ने पहली बर्फवारी को अपने मोबाइल कैमरे में कैद किया और मस्ती में झूमते हुए डांस करते नजर आए ।वही पूर्व विधायक ललित फर्श्वाण ने कपकोट क्षेत्र में हुई बर्फवारी में सड़क पर पड़ी बर्फ में वाहन से जाते और अपने मित्रों के साथ वर्फवारी का लुत्फ उठाने का वीडियो शोशल मीडिया में भेजते हुए लंबे इंतजार के बाद साल की पहली मौसमी बारिश और बर्फवारी होने पर इसे काश्तकारों और आमजन के लिए शुभ संकेत बताया ।बसन्त पंचमी पर्व पर इसे ईश्वर द्वारा बदलते मौसम और बसंत की छटा के लिए अनुपम उपहार बताया ।वही कपकोट, गरुड़, धरमघर, काफलीग्गैर के पालड़िछिना, बिनसर के जंगलों में हुई बर्फवारी से लोगों में खुशी का माहौल है।



# खुले नाले ने निगली मासूम की जान, अधिकारियों ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

**बरेली**। शहर और ग्रामीण इलाकों में खुले नालों की अनदेखी एक बार फिर मासूम की जान पर भारी पड़ गई। भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर ठाकुरान में गुरुवार को घर के बाहर खेल रहा डेढ़ साल का मासूम प्रयाग खुले और गहरे नाले में गिर गया, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में सन्नाटा पसर गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना पर शुक्रवार को एसडीएम सदर प्रमोद कुमार, थाना भोजीपुरा प्रभारी समेत प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची। गांव निवासी जितेंद्र, जो खेती कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं, के घर के पास ही एक बड़ा और गहरा खुला नाला बना हुआ है। गुरुवार को उनका इकलौता बेटा प्रयाग घर के बाहर खेल रहा था। खेलते-खेलते वह नाले के किनारे पहुंच गया और इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, नाले में गिर पड़ा। बच्चे को गिरता देख परिजन और ग्रामीण दौड़ पड़े। कुछ लोग नाले में कूदे, लेकिन तब तक मासूम डूब चुका था। किसी तरह बाहर निकालकर परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इकलौते बेटे की मौत से पिता जितेंद्र बदट डोकर दहाड़ें मारने लगे। मृतक बच्चे के दादा रामदास ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि यह नाला सरकारी नक्शे में दर्ज नहीं है। उनका कहना है कि गांव के प्रधान के पति रामकिशोर ने इसे अवैध तरीके से बनवाया था। इस संबंध में उन्होंने करीब एक माह पूर्व मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम सदर प्रमोद कुमार, थाना भोजीपुरा प्रभारी और संबंधित विभागों की टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। अधिकारियों ने नाले की स्थिति, सुरक्षा इंतजामों की कमी और लगाए गए आरोपों की जांच के निर्देश दिए हैं।



## ज्ञान, कला और संगीत की देवी के प्रकटोत्सव, बसंत पंचमी को पूरी आस्था के साथ मनाया गया



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

बरेली। सीबीगंज इंटर कॉलेज में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर हवन पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कालेज के प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह ने बताया कि बसंत पंचमी का महत्व हिंदू धर्म में बहुत गहरा है। यह पर्व माघ मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है। जो इस साल 23 जनवरी दिन शुक्रवार को मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी को सरस्वती पूजा के नाम से भी जाना जाता है। जो ज्ञान, कला और संगीत की देवी के प्रकट होने का दिन है। बसंत पंचमी का महत्व सरस्वती प्रकटोत्सव व पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की, लेकिन उन्हें सब कुछ मौन और नीरस लगा। तब उन्होंने अपने कमंडल से जल छिड़का जिससे सरस्वती देवी प्रकट हुईं और संसार में शब्द और संगीत का जन्म हुआ। विद्या और कला का पर्व बसंत पंचमी विद्यार्थियों और कला प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। जब वे मां सरस्वती की पूजा करते हैं और ज्ञान और कला की प्रगति की कामना करते हैं। प्रकृति का श्रृंगार बसंत पंचमी पर पीले रंग का विशेष महत्व है। जो ऊर्जा सात्विकता और नई उम्मीदों का प्रतीक है। इस दिन पीले वस्त्र पहनने पीले फूल चढ़ाने और पीले मीठे चावल या बसंती पुलाव बनाने की परंपरा है। अबूझ मुहूर्त ज्योतिष शास्त्र में बसंत पंचमी को अबूझ मुहूर्त माना जाता है। जब बिना पंचांग देखे विवाह गृह प्रवेश या नया काम शुरू किया जा सकता है।

इसी के उपलक्ष में लोग पीले चावल की खिचड़ी का वितरण भी करते हैं। इस मौके पर इंटर कॉलेज प्रबंधक डॉ अनुराग मोहन, भटनागर, कर्नल अभय स्वरूप, पूर्व बृजेश चंद्र, जज मधुलिका स्वरूप, एमएलसी वहोरन लाल मौर्य, राजन श्रीवास्तव, पार्षद रचित गुप्ता, पार्षद वेदराम मौर्य, सीबीगंज थाना प्रभारी प्रदीप चतुर्वेदी, क्राइम इंस्पेक्टर स्वदेशपाल के साथ क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।


## मांकडी में मनाई राम मंदिर की वर्षगांठ।

वेलकम इंडिया

**बुगरासी**। क्षेत्र के गांव मांकडी में ग्रामीणों ने राम मंदिर की वर्षगांठ बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाई ।इस मौके पर ग्रामीणों ने एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन भी किया ।शोभा यात्रा गांव के मुख्य मार्गों से होती हुई राम मंदिर परिसर में आकर रूकी जिसमे गांव के सैकड़ों महिला पुरूषों ने भाग लिया। शोभायात्रा में बच्चों ने भगवान राम सीता जी की वेशभूषा पहनी जिसने माहौल को भक्ति मय बना दिया और सभी का आक्रमण का केंद्र रही।

# मनरेगा खत्म करने की साजिश का आरोप, फूलबेहड़ व सरवा में कांग्रेस की चौपाल

वेलकम इंडिया




**फूलबेहड़ (लखीमपुर खीरी)**, 23 जनवरी 2026 न्याय पंचायत फूलबेहड़ ब्लॉक फूलबेहड़ एवं न्याय पंचायत सरवा में मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के अंतर्गत चौपालों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व 140 विधानसभा श्रीनगर के कोऑर्डिनेटर रामपाल शाक्य ने किया। चौपाल को संबोधित करते हुए रामपाल शाक्य ने मनरेगा मजदूरों और ग्रामीण जनता को योजना के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मनरेगा जैसी रोजगार गारंटी योजना ग्रामीण गरीबों के लिए जीवनरेखा है। उनके अनुसार, यदि इस योजना को कमजोर किया गया तो मजदूर वर्ग की आजीविका पर गहरा असर पड़ेगा। उन्होंने पूर्व सरकारों का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले 100 दिन के रोजगार की गारंटी और मजदूरी में नियमित बढ़ोतरी होती थी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सहारा मिलता था। इस अवसर पर लतीफ आजम अंसारी (पूर्व अध्यक्ष, कांग्रेस सेवा दल) ने भी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जनता अब बदलाव चाहती है और आने वाले समय में नई दिशा में निर्णय लेने का मन बना रही है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से मोहम्मद इरशाद, साबिर अली, अब्दुल कबीर, मोहम्मद अयूब, अनीस वॉकर, जैनुल, नजर अली, इजाज, सोहेल, शमशाद, अकील, शादाब सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद आदि।

# मनाया गया सरस्वती पूजा व महाराजा सुहेलदेव जयंती



संदीप तिवारी

**वाराणसी** मिजार्मुराद। आराजी लाइन ब्लॉक के कल्लीपुर (बड़ी पाही) पर शुक्रवार को सरस्वती पूजा व महाराजा सुहेलदेव जयंती मनाया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ सेवापुरी विधायक नीलरतन सिंह पटेल 'नीलू' की पुत्री/प्रतिनिधि अदिति सिंह पटेल द्वारा विधिविधान से पूजा अर्चना कर किया गया ।अदिति ने कहां की मां सरस्वती विद्या की देवी है ।उन्होंने कहां जो धर्म का रक्षा करता है मां उसकी रक्षा करती है ।इस अवसर पर अभिषेक भारद्वाज (बीरू), डॉ. संतोष, राकेश, प्रदीप, मनोज, मुन्ना लाल, अरविंद मास्टर, वीरेंद्र, दिनेश, जितेंद्र, राजेश समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# बसंत आए, सेहत लाए नई ऋतु नई सेहत की थीम पर लोगों को किया जागरूक



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली**। यूपीएचसी सीबीगंज में बसंत पंचमी के अवसर पर स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़ा एक संक्षिप्त एवं रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मधु गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर सूरजमुखी के पुष्प की थीम के माध्यम से स्वास्थ्य से जुड़े छोटे-छोटे संदेश पंखुड़ियों पर प्रदर्शित किए गए, जिनमें ह्लबसंत आए, सेहत लाएह्व, ह्लनई ऋतु, नई सेहतह्व जैसे स्लोगन शामिल रहे। इस नवाचार को उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। इस कार्यक्रम में डब्लूएचओ से डॉ पीवी कौशिक ने भी सहभागिता की और इस पहल की सराहना करते हुए ऐसे नवाचारों को स्वास्थ्य जागरूकता के लिए उपयोगी बताया। इस

कार्यक्रम में स्टाफ सदस्य हृदेश कुमार, मनमोहन सिंह, सरिता, श्रवण, सूरज और मोनू ने सक्रिय सहभागिता निभाई। बसंत पंचमी की परंपरा के अनुसार उपस्थित लोगों को मिठाई व पीले फलों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर डॉ. मधु गुप्ता ने कहा कि बसंत पंचमी इस साल की एक नई शुरूआत का प्रतीक है, जो हर व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक सोच और स्वस्थ जीवन का संदेश देती है। इस प्रकार इस भव्य और सुंदर कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता के साथ-साथ उत्सव का सौहार्दपूर्ण माहौल भी बना रहा।

# विधिका फाउंडेशन द्वारा भव्य शोभा यात्रा आयोजित




संदीप तिवारी

**वाराणसी** मिजार्मुराद ।अयोध्या में श्रीराम जी के प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर विधिका फाउंडेशन की तरफ से आदित्यनगर पोखरा श्री हनुमान मंदिर पर भगवान श्रीराम जी के जयघोष के साथ भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया।

इसके उपरांत भक्तिमय वातावरण में भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें सभी ने प्रभु श्रीराम जी के नाम का गुणगान किया। मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम जी ने सेवा, त्याग और करुणा का मार्ग दिखाया। विधिका फाउंडेशन उनके आदर्शों पर चलकर समाज के हर जरूरतमंद के साथ खड़ा है। आइए, अयोध्या में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर सेवा और सदभाव का संकल्प लें ।आप सभी पदाधिकारियों एवं सभी सदस्यों के परस्परिक सेवा से इस कार्यक्रम को सफल बनाया गया। कुशल नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष वंदना शुक्ला के अंतर्गत राष्ट्रीय सचिव सुनील कुमार राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष धनेंद्र कुमार शुक्ला, सौरभ सिंह, राष्ट्रीय उपसचिव आशा सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीरा पटेल राष्ट्रीय संरक्षक कमलेश सिंह राष्ट्रीय योग सलाहकार पूनम सिंह, राष्ट्रीय उपकोषाध्यक्ष कृष्णा दुबे ,राष्ट्रीय प्रबंधक शिखा वर्मा, विशिष्ट अतिथि महान समाज सेविका सुषमा सिंह, अतिथि सम्मानित समाज सेविका पूजा मिश्रा, अतिथि सम्मानित समाज सेविका सुश्मिता सेठ जी , प्रदेश उपाध्यक्ष रीना सोनकर, पूजा पटेल, किरण चौबे, माधुरी, प्रदेश अध्यक्ष प्रमिला, आदि संस्था के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा आईआईटी कानपुर में स्वास्थ्य सेवा हेतु फेडरेटेड इंटेलिजेंस हैकाथॉन का आयोजन

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी** :- राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (ठलअ) ने आईसीएमआरझनेशनल इंस्टिट्यूट फॉर रिसर्च इन डिजिटल हेल्थ एंड डेटा साइंस (कउटफझठकफऊलऊर) तथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के सहयोग से आईआईटी कानपुर परिसर में फेडरेटेड इंटेलिजेंस हैकाथॉन फॉर हेल्थकेयर का आयोजन कियो यह राष्ट्रीय स्तर की पहल भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के लिए सुरक्षित एवं विस्तार योग्य (स्केलेबल) कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) समाधानों को विकसित करने के उद्देश्य से की गई है फेडरेटेड इंटेलिजेंस हैकाथॉन फॉर हेल्थकेयर की शुरूआत 19 जनवरी 2026 को हुई हैकाथॉन सप्ताह (19झ23 जनवरी 2026) के दौरान आईआईटी कानपुर में गहन तकनीकी विकास, मेंटरिंग और मूल्यांकन गतिविधियाँ आयोजित की गई 23 जनवरी 2026 से प्रारंभ हुए दो दिवसीय ऑन-साइट कार्यक्रम में नीति-निमातार्ओं,चिकित्सकों, शोधकताओं, स्टार्ट-अप्स और उद्योग विशेषज्ञों ने भाग लिया जहाँ विशेषज्ञ सत्र, तकनीकी प्रस्तुतियाँ और पैनल चचाएँ आयोजित की गई सत्रों की शुरूआत गंगवाल स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी के प्रमुख प्रो.संदीप वर्मा के मुख्य भाषण से हुई उन्होंने एआई-सक्षम स्वास्थ्य नवाचार को आगे बढ़ाने में अंतर्विषयी (इंटरडिसिप्लिनरी) शोध की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला प्रो.वर्मा ने विभिन्न क्षेत्रों के बीच सहयोग की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि स्वास्थ्य एआई में सार्थक प्रगति केवल चिकित्सा,इंजीनियरिंग,डेटा साइंस और नीति के एकीकरण से ही संभव है उन्होंने कहा कि भविष्य के लिए सतत एवं प्रभावी स्वास्थ्य प्रणालियों के निर्माण हेतु यह समन्वय अत्यंत आवश्यक है इसके बाद प्रो.फणीन्द्र कुमार यालावर्थी,चीफ पीएम, ळअठवल़,आईआईएससी बेंगलुरु द्वारा तकनीकी सत्र प्रस्तुत किए गएजिनमें पारंपरिक मशीन लर्निंग विधियाँ,एआई प्रणालियों का क्लिनिकल मूल्यांकन तथा स्वास्थ्य सेवाओं में तैनाती से जुड़े नियामक पहलुओं पर चर्चा की गई उन्होंने कहा स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई नियम-आधारित प्रणालियों से आगे बढ़कर डेटा-आधारित लर्निंग तक विकसित हो चुका है जहाँ डीप लर्निंग मेडिकल इमेज सेगमेंटेशन जैसे जटिल कार्यों के लिए स्वायत्त फीचर खोज को सक्षम बनाती है बायस वेरिएंस संतुलन बनाए रखते हुए,रिग्रेशन,एसवीएम और

रेग्युलराइजेशन जैसी विधियों के माध्यम से हम मजबूत, विश्वसनीय और क्लिनिकली टिकाऊ डिजिटल हेल्थ समाधान विकसित कर सकते हैं कार्यक्रम में गूगल हेल्थ एआई और वाधवानी फाउंडेशन द्वारा एक लाइव हेल्थ एआई डेमो का भी आयोजन किया गया जिसे वाधवानी फाउंडेशन के वाइस प्रेसिडेंट एआई प्लेटफॉर्म,मनीष कुमार ने प्रस्तुत किया

स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन (लळअ) फॉर एल्गोरिदम तथा भारत में हेल्थ एआई के लिए डेटा सोर्सिंग पर आयोजित पैनल चचाओं में सरकार,उद्योग और अकादमिक जगत के विशेषज्ञों ने भाग लिया इनमें सैमसंग इंडिया,गूगल हेल्थ एआई, उङ्मफङ्मप्ी१८,अ१३ढं१ह्य@ककरू और नीति आयोग के प्रतिनिधि शामिल थे चचाओं में वैलिडेशन प्रक्रियाओं, नियामक तत्परता,डेटा मानकीकरण और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों में एआई टूल्स के बड़े पैमाने पर कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित किया गया डोमेन विशिष्ट सत्रों में नेत्र विज्ञान,बोन एज डिटेक्शन और कम्प्यूटेशनल पैथोलॉजी से संबंधित डेटासेट्स और एआई उपयोग मामलों को प्रस्तुत किया गया जिससे जनसंख्या स्तर पर स्क्रीनिंग और डायग्नॉस्टिक्स के उभरते अवसरों को रेखांकित किया गया तकनीकी कार्यक्रम का समापन आईआईटी कानपुर के प्रो.निशीथ श्रीवास्तव द्वारा स्वास्थ्य सेवा में जिम्मेदार एआई तैनाती पर दिए गए संबोधन के साथ हुआ

# ताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी का आयोजन

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी द्वारा शुक्रवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा के नेतृत्व में कुचेसर रोड चोपला स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात आयोजित प्रेसवार्ता में उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था, किसानों की बदहाली, बढ़ते अपराध, महंगाई, भ्रष्टाचार एवं बेरोजगारी को लेकर प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए गए।प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में गन्ना किसानों का करोड़ों रुपये का भुगतान आज भी लंबित है। हापुड़, मेरठ, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, अमरोहा, रामपुर, बरेली, बदायूं सहित अनेक जिलों की चीनी मिलों पर किसानों का बकाया अटका हुआ है, जिससे किसान और खेतिहर मजदूर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। हापुड़, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद, बिजनौर, बुलंदशहर सहित कई जिलों में लगातार गंभीर आपराधिक घटनाएं सामने आ रही हैं। एटा जनपद के गांव नगला प्रेमी में एक ही परिवार के चार सदस्यों– गंगा सिंह शक्य, श्यामा देवी, रत्ना देवी एवं ज्योति–की ईंटों से कुचलकर की गई हत्या को उन्होंने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर बड़ा प्रश्नचिह्न बताया।पंडित गोपाल शर्मा ने सीतापुर जनपद के तालगांव क्षेत्र के रसूलपुर गांव में पूर्व लेखपाल अमर सिंह वर्मा के परिवार को बंधक बनाकर पांच लाख रुपये नकद एवं लगभग बारह लाख रुपये के जेवरात लूटने की घटना का भी उल्लेख किया। उन्होंने आरोप लगाया कि हापुड़, अमरोहा, बरेली सहित कई जिलों में पीड़ित न्याय के लिए थानों और अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं, जबकि दबंग पक्ष उन्हें लगातार धमका रहा है।उन्होंने मुजफ्फरनगर निवासी रोहित उर्फ सोनू कश्यप की 5 जनवरी की रात मेरठ के सलावा क्षेत्र में मोबाइल ऑयल डालकर जिंदा जलाकर हत्या किए जाने की घटना पर भी गहरा रोष व्यक्त किया। बताया गया कि सोनू अपनी ननिहाल से ज्वालागढ़ जा रहा था। इसके अलावा सहारनपुर के देवबंद क्षेत्र के गांव मौ. अलीपुरा में 14 वर्षीय मयंक की हत्या तथा हापुड़ के थाना देहात क्षेत्र के मोहल्ला तगासराय में सरोज देवी की पिटाई से मौत का मामला भी उठाया गया। आरोप लगाया गया कि इस प्रकरण में पीड़िता के पुत्र का ही चालान कर दिया गया, जो न्याय के साथ अन्याय है।पार्टी नेताओं ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी अपने चरम पर है, जिससे आम जनता त्रस्त है।

## डोडा हादसे में शहीद जवान रिंकल बालियान को नमन, डीएम व एसपी ने परिजनों से मिलकर दी सांत्वना

**हापुड़।** जम्मू-कश्मीर के डोडा में हुए हादसे में शहीद हुए भारतीय सेना के जवान रिंकल बालियान (निवासी ग्राम भटैल, थाना हाफिजपुर, जनपद हापुड़) के घर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक पहुंचे। अधिकारियों ने शहीद जवान के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और इस अपूरणीय क्षति पर गहरी संवेदना व्यक्त की।इस दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कहा कि देश की रक्षा में शहीद हुए जवान का बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा। जनपद प्रशासन शहीद के परिवार के साथ हर परिस्थिति में खड़ा है। उन्होंने परिजनों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया।गांव व क्षेत्र में शहीद जवान के प्रति शोक और गर्व का माहौल रहा। स्थानीय लोगों ने शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बलिदान को नमन किया।

# पीएम स्वनिधिः सहारनपुर के 132 लाभार्थियों को भी मिलेगा क्रेडिट कार्ड

**वेलकम इंडिया**



**सहारनपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत केरल में क्रेडिट कार्ड लांच करने एवं ऋण वितरण कार्यक्रम का यहां लाइव प्रसारण आईसीसीसी में लाभार्थियों को दिखाया गया। इस अवसर पर महापौर डॉ. अजय कुमार व अनेक पार्षद भी मौजूद रहे। सहारनपुर में भी 132 लाभार्थियों को 30 हजार रुपये की लिमिट वालेये क्रेडिट कार्ड प्रदान किये जायेंगे। महापौर डॉ. अजय कुमार ने इस अवसर पर सहारनपुर के लाभार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 में एक ऐसे विकसित भारत का सपना देखा है, जिसमें हर आदमी के पास रोजगार होगा और वह आत्मनिर्भर होगा। उन्होंने कहा कि 31 दिसम्बर 2024 को योजना का प्रथम चरण समाप्त होने के बाद केंद्र सरकार द्वारा योजना को 2030 तक बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि पहले लोगों तक एक रुपये में से मात्र 15 पैसे लाभार्थी तक पहुंच पाते थे बाकि बिचौलिए खा जाते थे। मोदी सरकार ने लोगों को बिचौलियों से बचाया है। आज लोन का पैसा या कोई भी लाभ सीधे लाभार्थी के खाते में पहुंच रहा है। उन्होंने लोगों से इस पूंजी से अपने आप को आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान किया। महापौर ने बताया कि योजना के प्रथम चरण में सहारनपुर में नगर निगम क्षेत्र के 21629 वेंडर्स को प्रथम किश्त के रुप में 10 हजार, 8772 वेंडर्स को द्वितीय किश्त के रुप में 20 हजार तथा 1679 वेंडर्स को तृतीय किश्त के रुप में 50 हजार का ऋण उपलब्ध कराया गया। जबकि वित्तीय वर्ष 2025-26 में भी पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 510 लाभार्थियों को प्रथम किश्त के रुप में 15 हजार, 773 लाभार्थियों को द्वितीय किश्त के रुप में 25 हजार तथा 317 लाभार्थियों को तृतीय किश्त के रुप में 50 हजार रुपये की किश्त प्रदान की गयी है। सहारनपुर के 132 लाभार्थियों को 30 हजार रुपये की लिमिट वाले क्रेडिट कार्ड प्रदान किये जा रहे है। इससे पूर्व लाभार्थियों को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि शहरी पथ विक्रेताओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए यह योजना जून 2020 में शुरू की गयी थी। योजना में कार्यशील पूंजी ब्याज अनुदान आधारित आसान ऋण के रुप में बिना किसी गारंटी के वेंडरों को उपलब्ध करायी गयी। उन्होंने कहा कि इस योजना से लाखों लोगों का रोजगार फिर से पटरी पर लौटा है और वह आर्थिक रुप से आत्मनिर्भर बने है।

## नेताजी के विचारों पर चलकर संघर्ष की राजनीति को आगे बढ़ाएगी समाजवादी पार्टी : आनंद गुर्जर

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय बुलंदशहर रोड, हापुड़ पर शुक्रवार दिनांक 23 जनवरी 2026 को महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व कैबिनेट मंत्री व जसवंत नगर विधायक चाचा शिवपाल सिंह यादव का जन्मदिन जोश, उत्साह और राजनीतिक संकल्प के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर ने की।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन अन्याय, शोषण और अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष का प्रतीक है। आज जब देश में लोकतंत्र, संविधान और जनता के अधिकारों पर संकट है, तब नेताजी के विचार और भी प्रासंगिक हो गए हैं। समाजवादी पार्टी उनके आदर्शों पर चलते हुए किसानों, मजदूरों, युवाओं और वंचित वर्गों की आवाज मजबूती से उठाती रहेगी।कार्यक्रम के उपरांत शिवपाल सिंह यादव के जन्मदिन पर कार्यकताओं ने केक काटकर उनके दीघार्यु जीवन और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि शिवपाल यादव ने हमेशा संगठन, संघर्ष और समाजवादी विचारधारा को मजबूत करने का कार्य किया है और उनके नेतृत्व में पार्टी आगे भी जनहित की लड़ाई लड़ती रहेगी।कार्यक्रम में डॉ. राजेश यादव, अख्तर मालिक, साकिर हुसैन, हेमंत गुप्ता, अयूब सिद्दीकी, रिजवान प्रधान, चौ. हम्माद मतीन सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हाफिजपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस के अनुसार अभियुक्त लंबे समय से फरार था, जिसकी तलाश लगातार की जा रही थी। थाना हाफिजपुर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# गढ़मुक्तेश्वर में ह्यगढ़ गंगा विश्वविद्यालय स्थापना की माँग तेज, रऊट को सौंपा गया ज्ञापन

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**




ढ़मुक्तेश्वर विधानसभा क्षेत्र में ह्यगढ़ गंगा विश्वविद्यालयह्न की स्थापना को लेकर जनआंदोलन तेज हो गया है। शौर्य शक्ति फाउंडेशन के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने इस बहुप्रतीक्षित मांग को लेकर उपजिलाधिकारी (रऊट) गढ़मुक्तेश्वर को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपते हुए इसे उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री तक पहुँचाने का अनुरोध किया।शौर्य शक्ति फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि बीते दो वर्षों से संस्था द्वारा गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा क्षेत्र में विश्वविद्यालय स्थापना की मांग को लेकर लगातार जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान अब तक 50 से अधिक बैठकें, सम्मेलन एवं जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें क्षेत्र की जनता का व्यापक समर्थन प्राप्त हुआ है।फाउंडेशन के अनुसार विभिन्न बड़े आयोजनों में हजारों लोगों ने विश्वविद्यालय स्थापना की मांग का खुलकर समर्थन किया। ब्राह्मण महासम्मेलन में लगभग 1500 सक्रिय ब्राह्मणों, शिक्षा सम्मेलन में 1000 से अधिक छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों, युवा संसद में 500 से अधिक युवाओं तथा जिलास्तरीय महिला पंचायत संसद में लगभग 3000 महिलाओं ने गढ़ गंगा विश्वविद्यालय की स्थापना के पक्ष में अपनी सहमति व्यक्त की।ज्ञापन में कहा गया कि विश्वविद्यालय की स्थापना से क्षेत्र के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा, स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे तथा गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा का शैक्षिक, सामाजिक एवं आर्थिक विकास सुनिश्चित होगा।

## मारपीट के मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज।

**रामघाट** /बुलंदशहर/मारपीट के मामले में घायल प्रशांत की मां ने चार लोगों को नामजद कर कराई रिपोर्ट दर्ज।

रामघाट थाना क्षेत्र के जरगवां निवासी चमन पुत्र प्रशांत की मारपीट करने वालो के खिलाफ नीरेश देवी पत्नी चमन ने जगबीर देवेंद्र योगेश बृजेश निवासी जरगवां को सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया है।

## दूरसंचार विभाग के गोरखपुर परिमंडल के सलाहकार बने सपा नेता सैय्यद फिरोज अशरफ

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर/ गोरखपुर।** दूरसंचार विभाग के गोरखपुर परिमंडल में प्रशासनिक स्तर पर एक महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिला है। विभाग ने सैय्यद फिरोज अशरफ को गोरखपुर परिमंडल का सलाहकार नियुक्त किया है। इस नई जिम्मेदारी के साथ सैय्यद फिरोज अशरफ अब परिमंडल स्तर पर दूरसंचार से जुड़े विभिन्न कार्यों, योजनाओं और नीतिगत मामलों में सलाह व मार्गदर्शन देने की भूमिका निभाएंगे। बताया जा रहा है कि उनकी नियुक्ति से विभागीय कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के साथ-साथ क्षेत्रीय स्तर पर समन्वय, सेवाओं में सुधार और समस्याओं के समाधान में गति आने की उम्मीद है। स्थानीय स्तर पर इस नियुक्ति को दूरसंचार विभाग के लिए सकारात्मक कदम माना जा रहा है। विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी सैय्यद फिरोज अशरफ को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी हैं। सपा जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद अहमद, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सैयद तारिक हुसैन, सैयद मोहम्मद निजाम अशरफ, अखलाक अहमद, मुशीर अहमद, अब्दुल कलाम, परवेज अख्तर, अतहरूल बारी, अनवार आलम आदि ने शुभकामनायें दिए हैं।

# वीरांगना महारानी अबंतीबाई लोधी इण्टर कालेज में मनाया बसंतोत्सव

**वेलकम इंडिया**



**डिबाई।** बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर वीरांगना महारानी अवंती बाई लोधी इंटर कॉलेज घुसराना गैल डिबाई में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कॉलिज में हवन किया गया जिसमें यजमान के रूप में प्रबंधक अजय कुमार लोधी व बबली राज लोधी नव निर्वाचित अध्यक्ष उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड डिबाई रहे तथा हवन प्यारेलाल शास्त्री ने किया प्रबंधक ने मां सरस्वती को तिलक करके माल्यार्पण किया और सभी अध्यापकों ने पुष्पांजलि अर्पित की और सभी अध्यापक/अध्यापिकाओं व छात्र व छात्राओं ने हवन में आहुति दी।प्रबंधक अजय कुमार लोधी ने बताया कि बसंत एक ऋतु है और जीवन के रंगों का उत्सव भी यह वह समय है जब धरती नए जीवन के साथ मुस्कुराती है पेड़ों व झाड़ियों पर नई पत्तियां हरियाली बिखेरती है और फूल अपने रंगों की खुशबू से हवा को महकाते हैं।पूर्व प्रधानाचार्य महेंद्र पाल सिंह ने बताया कि बसंत रितु सबसे अच्छी व सुंदर ऋतुओं में से एक है यह माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि के बाद बसंत पंचमी का पर्व मनाया जाता है कहा जाता है कि इसी दिन मां सरस्वती को प्राकट्य हुआ था इसीलिए यह दिन छात्र व छात्राओं और शिक्षकों और कलाकारों के लिए विशेष महत्व रखता है।प्रधानाचार्य अमर सिंह ने कहा कि यह दिन विद्या, बुद्धि, कला और संगीत की देवी मां सरस्वती को समर्पित है।इस मौके पर अमर सिंह प्रधानाचार्य, महेंद्र पाल सिंह, कप्तान सिंह, राजवीर सिंह, चमन लाल, रविन्द्र सिंह, रमेश सिंह, प्रतिभा रानी, सत्य प्रकाश, राजेंद्र सिंह, कुमारी सावित्री, कुमारी प्रतिभा, कुमारी अन्नु, मौजीराम सहित स्कूल के छात्र और छात्राएं मौजूद रहे।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर निकाली गई भव्य परेड, बच्चों की देशभक्ति ने मोहा मन


**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर दिल्ली रोड स्थित रामस्वरूप जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं डी.एस. रामस्वरूप पब्लिक स्कूल द्वारा भव्य परेड का आयोजन किया गया। परेड में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस, आजाद हिंद फौज, शहीद भगत सिंह, भारत माता, झांसी की रानी तथा एनएसजी कमांडो के स्वरूप में सहभागिता कर देशभक्ति का संदेश दिया।परेड जब आनंद विहार, प्रीत विहार, अच्छेजा, श्याम नगर और गोयना क्षेत्रों से होकर गुजरी, तो मार्ग में उपस्थित नागरिक बच्चों की अनुशासित व जोशीली प्रस्तुति देखकर मंत्रमुग्ध हो गए। स्थानीय लोगों ने परेड पर पुष्प वर्षा कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। नागरिकों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों की प्रतिभा निखरती है और उनमें देशप्रेम की भावना प्रबल होती है। सभी विद्यालयों को ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने चाहिए।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक सुयश वशिष्ठ, प्रधानाचार्य प्रशांत कुमार, आसमा त्यागी, सहायक अध्यापक अनीता रानी, ओमवीर यादव, दिनेश सिंह, प्रभाकर मणि त्रिपाठी, राहुल मिश्रा, रवि कुमार, इशू रानी, कविता रानी, आकांक्षा गोस्वामी, मनीषा, रेखा चौहान सहित कर्मचारी सचिन कुमार, मुकेश शर्मा, सुषमा, सचिन सिंह, रंजीत आदि उपस्थित रहे।

# करमाखान में गंदगी का अम्बार, जिम्मेदार बेखबर

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** विकास खण्ड सेमरियावा के गांव करमाखान में सफाई के अभाव में गंदगी का अम्बार लगा हुआ है। जानकारी व मांग के बाद भी सम्बंधित जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं। सेमरियावा ब्लाक के सबसे बड़े गांवों में शुमार करमाखान की आबादी लगभग 7000 है। इतनी बड़ी आबादी वाले गांव में एक सफाईकर्मी तैनात किया गया है। सफाई नहीं हो पाने के कारण गांव में गंदगी का अम्बार लगा हुआ है। जिसके कारण मच्छरजनित व जलजनित बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। जानकारी व मांग के बाद भी सम्बंधित जिम्मेदार अनजान बने हुए है। ग्रामीण प्रधान प्रतिनिधि मो. हनीफ खान, मो. याकूब, अब्दुल बाकी, मो. कलीम, मो. अयूब, फैजान अहमद, उस्मान अहमद, विजय बहादुर, नन्दलाल, राम जीत आदि ने प्रशासन से उत्पन्न समस्या के समाधान की मांग किये हैं।

# श्री गहोई वैश्य पंचायत द्वारा 29वां सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

**वेलकम इंडिया**



**झाँसी।** श्री गहोई वैश्य पंचायत झाँसी के तत्वावधान में 29वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आज सिद्धेश्वर मंदिर परिसर स्थित विवाह वाटिका में धार्मिक रीति-रिवाजों एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर 10 जोड़े विधिवत विवाह बंधन में बंधे। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोगों, वरिष्ठजनों, मातृशक्ति एवं युवाओं की बड़ी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गहोई वैश्य महासभा अध्यक्ष रामगोपाल छिरोलिया डललू भईया एवं महासभा महा मंत्री दीपक सांवला उपस्थित रहे। अतिथियों के आगमन पर तिलक व माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया, तत्पश्चात वि ?धिवत कार्यक्रम की शुरूआत हुई। सुबह से ही आयोजन स्थल पर मांगलिक वातावरण बना रहा। परंपरागत सजावट, ढोल-नगाड़ों, मंगल गीतों एवं रस्मों के बीच नवदम्पतियों ने सात फेरे लेकर नए जीवन की शुरूआत की। समाजबंधुओं ने वर-वधुओं को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। सामूहिक विवाह सम्मेलन की व्यवस्थाओं को लेकर पूर्व में श्री गहोई वैश्य पंचायत की एक बैठक भी आयोजित की गई थी, जिसकी अध्यक्षता रामप्रकाश नाछोला ने की। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर सभी पदाधिकारियों को उनके दायित्व सौंपे गए। सामूहिक विवाह कार्यक्रम अध्यक्ष कमलेश सेठ रज्जू ने बताया कि सम्मेलन में 10 जोड़े विवाह बंधन में बंधें, जिनकी समस्त वैवाहिक सामग्री पंचायत की ओर से प्रदान की जाएगी। वहीं विशाल गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन में उपयोगी घरेलू सामग्री एवं उपहार भी प्रदान किए गए। समारोह में नवविवाहित जोड़ों को जरूरत के अनुसार एक्टिवा स्कूटर, एलईडी, वाशिंग मशीन, पलंग, फ्रिज, अलमारी, सिलाई मशीन, मिक्सर, सोफा सेट, ड्रेसिंग टेबल सहित अन्य घरेलू उपयोग की सामग्री प्रदान किए जाने की व्यवस्था रही।

# वाराणसी में एएसजी आई हॉस्पिटल द्वारा ड्राइव दृष्टि अभियान का शुभारंभ ,वाहन चालकों के लिए मुफ्त नेत्र जांच और सर्जरी

(संतोष कुमार सिंह)




**वाराणसी** :- सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और चालकों की आंखों के स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एएसजी आई हॉस्पिटल रथयात्रा महमूरगंज रोड और एएसजी चक्षुधाम आई हॉस्पिटल बीएलडब्लू रोड मंडुवाडीह लहरतारा ने ₹ड्राइव दृष्टि₹ अभियान की घोषणा की है इस शहरव्यापी पहल के तहत जनवरी और फरवरी 2026 के महीनों में सभी व्यावसायिक और निजी वाहन चालकों के लिए मुफ्त नेत्र जांच और मुफ्त मोतियाबिंद सर्जरी की सुविधा प्रदान की जा रही है वाराणसी में सर्दियों के दौरान कोहरे के कारण दृश्यता कम हो जाती है ऐसे में यह अभियान उन दृष्टि दोषों की पहचान करने और उनके उपचार के लिए चलाया जा रहा है जो सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं एएसजी आई हॉस्पिटल प्रबंधन का कहना है कि ड्राइवर्स की स्पष्ट दृष्टि न केवल उनकी आजीविका के लिए आवश्यक है बल्कि यात्रियों और समाज की सुरक्षा के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है समय पर मोतियाबिंद का इलाज न होने पर दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ सकता है जिसे ध्यान में रखते हुए यह विशेष अभियान शुरू किया गया है अभियान की मुख्य विशेषताएं* (1)- मुफ्त नेत्र जांच अपवर्तक दोष,ग्लूकोमा और आंखों के स्वास्थ्य की विस्तृत जांचे (2)- मुफ्त मोतियाबिंद सर्जरी पात्र चालकों के लिए दृष्टि बहाल करने हेतु निशुल्क सर्जरी (सीमित स्लॉट उपलब्ध) (3)- लक्षित समूह सभी वाहन चालक (ट्रक,बस,ऑटो रिक्शा,केब और निजी वाहन चालक) अवधि -जनवरी से फरवरी 2026 तक वाराणसी में सेवा केंद्र* चालक निम्नलिखित सुपर स्पेशियलिटी केंद्रों पर इन मुफ्त सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं प्रबंधन का संदेश* सड़क पर घंटों विताने वाले हमारे चालक समुदाय के लिए अच्छी दृष्टि एक आवश्यकता है 'ड्राइव दृष्टि' के माध्यम से,एएसजी आई हॉस्पिटल वाराणसी की सड़कों को सुरक्षित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि हर चालक के पास वह स्पष्ट दृष्टि हो जिसकी उसे खुद को और दूसरों को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यकता है भाग कैसे लें वाहन चालकों को सलाह दी जाती है कि वे सुबह नौ बजे से रात आठ बजे के बीच महमूरगंज या लहरतारा शाखा में आ सकते हैं मुफ्त लाभ प्राप्त करने के लिए कृपया अपना वैध ड्राइविंग लाइसेंस या आईडी साथ लाएं

# सुधाकर महिला शिक्षण संस्थान समूह में बसंत पंचमी, सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती एवं संस्थापिका शान्ति दूबे का मनाया गया चर्तुथ पुण्यतिथि

(संतोष कुमार सिंह )



**वाराणसी** :- सुधाकर महिला शिक्षण संस्थान समूह में बसंत पंचमी पर माँ सरस्वती का पूजनोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया है एवं नेताजी सुभाष चन्द बोस जयंती भी माल्यार्पण और श्रद्धा सुमन के साथ अर्पित की गई जबकि सुधाकर महिला शिक्षण संस्थान समूह की संस्थापिका व पूर्व प्रधानाचार्या शान्ति दूबे का चर्तुथ पुण्यतिथि भी मनाया गया इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन डॉ०प्रभु नारायण दूबे,वाइस चेयरपर्सन डॉ० रमा दूबे,प्राचार्य डॉ० अशोक कुमार पाण्डेय,इण्टरमीडिएट के प्रधानाचार्या आशा पाण्डेय निदेशक आशीर्वाद दूबे, तकनीकी निदेशक आयुष्मान दूबे,प्रशासनिक निदेशक कीर्तमान दूबे,डॉ० सुजीत राय,डॉ० अनीश उपाध्याय,डॉ० श्याम सुन्दर मिश्रा,डॉ० राजकुमार श्रीवास्तव,डॉ० हेमा गुप्ता,डॉ० सरोज सिंह,डॉ.प्रतिमा श्रीवास्तव,डॉ.गीता सिंह, डॉ.रोली पाण्डेय,डॉ० दिव्या पाण्डेय,डॉ० मीरा पाण्डेय,डॉ. प्रीति सिंह,दर्शन पाण्डेय,अनीता सिंह,श्वेता गुप्ता, सुमित, निधि मिश्रा,डॉ.प्रवीण तिवारी आदि शिक्षकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे

# मैपिंग के कार्य का एसडीएम ने लिया जायजा, दिये आवश्यक दिशानिर्देश

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी** :- प्रयागराज में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा की गई हालिया हरकतों को लेकर वरिष्ठ भाजपा नेता स्वतंत्र मिश्रा ने कड़ा ऐतराज जताया उन्होंने कहा कि इस प्रकार की भाषा और व्यवहार से न केवल साधु संत समाज का अपमान हो रहा है बल्कि सनातन परंपरा की गरिमा को भी ठेस पहुंच रही है स्वतंत्र मिश्रा ने कहा कि शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा सार्वजनिक रूप से अपशब्दों का प्रयोग किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह की हरकतें समाज में भ्रम फैलाने वाली हैं और इससे संत समाज की छवि धूमिल हो रही है उन्होंने कहा कि ऐसे आचरण को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता वरिष्ठ भाजपा नेता स्वतंत्र मिश्रा ने आगे कहा कि शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद की इस प्रकार की गतिविधियों से पूरे बनारस की छवि बदनाम हो रही है जो कि सनातन संस्कृति और अध्यात्म की विश्व प्रसिद्ध नगरी है काशी ने हमेशा मयार्दा,सहिष्णुता और आध्यात्मिक मूल्यों का संदेश दिया है ऐसे में इस तरह की बयानबाजी निंदनीय है वरिष्ठ भाजपा नेता स्वतंत्र मिश्रा ने संत समाज से किया अपील वे ऐसे तत्वों से सावधान रहें जो व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए धर्म और आस्था को नुकसान पहुंचा रहे हैं

# किआ इंडिया ने एसयूवी न्यू किया सेल्टास को वाराणसी मे किया लॉन्च

(संतोष कुमार सिंह)




**वाराणसी** :- किआ इंडिया ने अपनी लोकप्रिय एसयूवी किया न्यू सेल्टास को भारतीय बाजार में लॉन्च कर दिया है यह लॉन्च रोहनिया स्थित कबीर किआ शोरूम पर किया गया जहाँ नए मॉडल का औपचारिक अनावरण हुआ इस मौके पर किया इंडिया के एरिया सेल्स मैनेजर अश्विनी श्रीवास्तव,कबीर किया डीलरशिप के मैनेजिंग डायरेक्टर सचिन तलवार सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे सभी अतिथियों ने फीता काटकर किया न्यू सेल्टास का उद्घाटन कियो कंपनी के अनुसार किआ न्यू सेल्टोस को पहले की तुलना में और अधिक प्रीमियम, सुरक्षित और आरामदायक बनाया गया है यह एसयूवी अब नए ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर आधारित है जो पहले से अधिक मजबूत स्ट्रक्चर प्रदान करता है जिससे वाहन की स्टेबिलिटी और सेफ्टी में सुधार हुआ है किया न्यू सेल्टास में मुख्य रुप से डिजाइन और फीचर्स में उल्लेखनीय सुधार,ड्राइविंग एक्सपीरियंस पहले से बेहतर, पिछले मॉडल की तुलना में 95 मिमी अधिक लंबाई और केबिन स्पेस और लेगरूम बढ़ाकर 80 मिमी तक अधिक किया गया है कंपनी के अनुसार किआ न्यू सेल्टोस की एक्स शोरूम शुरूआती कीमत 10.99 लाख रुपए रखी गई है डिजाइन,फीचर्स और कंफर्ट के लिहाज से यह एसयूवी अब पहले से अधिक प्रीमियम सेगमेंट में आती है

जनरल मैनेजर चंदन सिंह ने बताया कि नई सेल्टोस ग्राहकों को बेहतर सेफ्टी, कम्फर्ट और आधुनिक तकनीक का अनुभव देगी उक्त अवसर पर कबीर किया मोटर्स शोरूम के डायरेक्टर सचिन तलवार,जनरल मैनेजर चंदन सिंह,सेल्स मैनेजर योगेंद्र सिंह एवं सभी कबीर किया के समस्त सेल्स स्टाफ उपस्थित थे

# मैपिंग के कार्य का एसडीएम ने लिया जायजा, दिये आवश्यक दिशानिर्देश



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** शुक्रवार को उपजिलाधिकारी सदर अरुण कुमार ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण(एसआईआर) नो मैपिंग मतदाताओं का नोटिस के उपरांत सुनवाई के लिए किये जारही व्यवस्था का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उपजिलाधिकारी सदर अरूण कुमार ने सेमरियावां ब्लाक मुख्यालय पहुंचकर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण(एसआईआर) नो मैपिंग मतदाताओं का नोटिस के उपरांत सुनवाई के लिए किये जा रही व्यवस्था का निरीक्षण किया।उन्होंने बीडीओ को सभी कर्मियों का बोर्ड पर कक्ष संख्या अंकित करने और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी धर्मेश कुमार पाण्डेय, सहायक विकास अधिकारी(पंचायत) राधेश्याम चौधरी, अब्दुल सलाम, इरशाद अहमद सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# मारपीट में जख्मी युवक की उपचार के दौरान मौत।

वेलकम इंडिया

**शिकारपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में दो पक्षों में चले लाठी डंडों के बाद जख्मी युवक को जिला अस्पताल से हायर सेंटर रैपर किया गया था जहां उपचार के दौरान शुक्रवार को जख्मी युवक की मौत हो गई।

शिकारपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव करीरा में 16 जनवरी को दो पक्षों में पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया था जिसमें एक पक्ष के चार आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में गीता पत्नी भूरा के द्वारा तहरीर देते हुए बताया गया था कि गांव के ही विनीत कुमार पुत्र वेद प्रकाश, जय भगवान व कौशल पुत्र अक्षय कुमार तथा विनीत पुत्र राम प्रकाश ने पड़ोस में रह रहे मेरे पति भूरा बेटे आकाश और लोकेश तथा नौकर राजू के साथ लाठी डंडों से मारपीट करने लगे आरोप है कि इसी बीच जय भगवान ने नौकर राजू के सिर में धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल राजू को उपचार के लिए जिला अस्पताल से हायर सेंटर दिल्ली रेफर कर दिया गया लेकिन उपचार के दौरान शुक्रवार को राजू की मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी चंदगीराम ने बताया है कि प्रार्थी द्वारा मिले प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच पड़ताल करते हुए पूर्व में तीन आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की जा चुकी है लेकिन उपचार के दौरान भूरा के नौकर राजू की मौत हो गई है।

# एनडीआरएफ ने ब्लैक आउट मॉक अभ्यास में निभाई प्रभावी भूमिका

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी** :- उत्तर प्रदेश नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा राज्य के समस्त जनपदों में सायं 18:00 ह्यब्लैक आउट मॉक अभ्यासह्न का आयोजन किया गयो इस अभ्यास में 11वीं बटालियन एनडीआरएफ की टीमों ने उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में वाराणसी,चंदौली, मिर्जापुर,गोरखपुर एवं लखनऊ में अन्य संबंधित हितधारकों के साथ सक्रिय सहभागिता की इस अभ्यास का उद्देश्य संभावित हवाई हमले की स्थिति में नागरिकों को जागरूक करना,सुरक्षित निकासी सुनिश्चित करना, उपलब्ध संसाधनों के समुचित उपयोग को बढ़ावा देना तथा विभिन्न एजेंसियों के मध्य समन्वय को सुदृढ़ करना थो निर्धारित समय पर सायरन (हाई एवं लो टोन) बजाकर चेतावनी दी गई तथा नागरिकों से अपने घरों, दुकानों एवं सार्वजनिक प्रतिष्ठानों की सभी लाइटें बंद कर सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की गई अभ्यास के उपरांत एनडीआरएफ की टीमों ने प्रभावित क्षेत्रों में पहुँचकर खोज एवं बचाव अभियान संचालित किया तथा आधुनिक तकनीकों एवं उपकरणों का उपयोग कर फंसे हुए लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला घायलों को त्वरित प्राथमिक उपचार प्रदान कर एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल भेजा गयो इस मॉक अभ्यास के माध्यम से एनडीआरएफ ने अपनी त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता,उच्च पेशेवर दक्षता एवं नागरिक सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया साथ ही इस अभ्यास ने नागरिकों एवं सभी संबंधित हितधारकों के बीच आपसी समन्वय और विश्वास को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

# अरुण शर्मा लक्की हिन्दुस्तानी अमॅच्योर जीत कुनो डो एसोसिएशन ऑफ दिल्ली के सर्वसम्मति से चुने गए दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष

(डॉ. गोपाल चतुवेर्दी)



**नई दिल्ली।** जीत कुनो डो मार्शल आर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं अमॅच्योर जीत कुनो डो एसोसिएशन ऑफ दिल्ली (रजि.) के तत्वावधान में एक भव्य एवं अत्यंत गरिमामय नियुक्ति समारोह एवं वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम खेल, समाज और राष्ट्र निर्माण की भावना से ओतप्रोत रहा।

वार्षिक आम सभा में फेडरेशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने राष्ट्रीय महासचिव विकास गिहरा के नेतृत्व तथा चुनाव अधिकारी की उपस्थिति में अरुण शर्मा, जिन्हें लोकप्रिय रूप से ह्वलक्की हिंदुस्तानीह्व के नाम से जाना जाता है। उन्हें सर्वसम्मति से दिल्ली राज्य अध्यक्ष चुना। इस अवसर पर फेडरेशन के पदाधिकारियों ने अपने संबोधन में खेलों के विकास की विस्तृत एवं दूरदर्शी रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि नवनियुक्त माननीय दिल्ली राज्य अध्यक्ष अरुण शर्मा लक्की हिंदुस्तानी के नेतृत्व में आने वाले समय में युवाओं को खेलों से जोड़ने, मार्शल आर्ट्स एवं भारतीय पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने तथा राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाओं को निखारने के लिए ठोस, योजनाबद्ध एवं प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। दिल्ली राज्य अध्यक्ष चुने जाने के बाद अपने संबोधन में अरुण शर्मा ह्वलक्की हिंदुस्तानीह्व ने समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों, फेडरेशन के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं जनसमूह का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार एवं दिल्ली सरकार द्वारा खेलों के विकास हेतु संचालित खेलो इंडिया, फिट इंडिया सहित अन्य विभिन्न सरकारी योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि फेडरेशन आगामी दिनों में इन योजनाओं की जानकारी प्रत्येक खिलाड़ी तक पहुँचाने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

# कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव यूपी प्रदीप नरवाल का बुलंदशहर पहुंचने पर कांग्रेसियों ने किया जोरदार स्वागत



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर शुक्रवार को जनपद बुलंदशहर में ढकोली ब्लॉक बुलंदशहर में मनरेगा बचाव संग्राम चौपाल का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव व उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी प्रदीप नरवाल उत्तर प्रदेश के संगठन महासचिव अनिल यादव सम्मिलित हुए बैठक में डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर मनरेगा प्रज्ञा गौड़, पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश भाटी, लोकसभा बुलंदशहर का चुनाव लड़े शिवराम वाल्मीकि पूर्व जिला अध्यक्ष पंडित सुभाष गांधी, शहर अध्यक्ष इंजीनियर रवि लोधी के साथ उपाध्यक्ष व जनपद शामली के कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव व चौपाल की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जियाउरहमान ने की बैठक में जिले के जिला कमेटी के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्त्ता सम्मिलित रहे मनरेगा चौपाल से पूर्व बुलंदशहर आगमन पर राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल का स्वागत जीटी रोड पर जिला उपाध्यक्ष व शामली जनपद के कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने सभी नेताओं के साथ-साथ पूर्व जिला अध्यक्ष कोऑर्डिनेटर ठाकुर राकेश भाटी व शहर अध्यक्ष इंजीनियर रवि लोधी के साथ बुकें भेंट कर किया चौपाल को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव सह प्रभारी प्रदीप नरवाल, वर्तमान संगठन महासचिव अनिल यादव डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर प्रज्ञा गौड़ ने मनरेगा बचाने को राहुल गांधी द्वारा लड़ी जा रही।

# नेशनल इक्वल पार्टी संयोजक शशिप्रताप सिंह ने केक काटकर मनाया सपा संस्थापक शिवपाल सिंह का जन्मदिन



(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी** :- सपा संस्थापक शिवपाल सिंह यादव का जन्मदिन 23 जनवरी शुक्रवार को समाजवादी पार्टी व नेशनल इक्वल पार्टी की संयुक्त कार्यक्रम गणेशपुर में धूमधाम से मनाया गया उक्त अवसर प? गणेशपुर के पार्षद संजय यादव,सपा छात्र नेता पियूष यादव,बिरहा गायक दिनेश सिंह यादव,कमलेश पटेल,राजू पटेल, श्यामबलि पटेल तथा सैकड़ों लोग शामिल रहे

# गोवध निवारण अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** शुक्रवार को दुधारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर साफियाबाद से नौवागाँव बाजार वाली सड़क पर तालाब के पास कटे तिराहे पर गिरफ्तार कर लिया साथ ही अवैध तमंचा और कारतूस भी बरामद किया है। दोनों अभियुक्तों को सम्बंधित न्यायालय भेज दिया। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीणा के निदेर्शानुसार, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में व प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा के कुशल नेतृत्व में रवीन्द्र सिंह यादव, राजेश कुमार सिंह, रामकुशल सिंह, हेड कांस्टेबल प्रदीप सिंह विशेन, विनोद कुमार यादव, कांस्टेबलः राधेश्याम गिरी, भीम कुमार ने अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना दुधारा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। 008/2026 धारा 109(1) भारतीय न्याय संहिता, 3/4/25/27 आयुध अधिनियम व 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम से संबंधित वांछित अभियुक्तगण मो0 समीम पुत्र मो0 नईम निवासी करमाखान थाना दुधारा, इदू पुत्र जहीर निवासी साफियाबाद थाना दुधारा को दिनाकं 22.01.2026 को समय 23.35 बजे गिरफ्तार कर लिया गया है। दिनांक 22.01.2026 को प्रभारी निरीक्षक अरविन्द शर्मा मय हमराह अधि0/कर्म0 गण उ0नि0 श्री रवीन्द्र सिंह यादव, उ0नि0 श्री राजेश कुमार सिंह, उ0नि0 श्री रामकुशल सिंह, हे0का0 प्रदीप सिंह विशेन, हे0का0 विनोद कुमार यादव, का0 राधेश्याम गिरी व का0 भीम कुमार मय सरकारी वाहन बोलेरो सं0 वढ 58 ऋ 0223 मय चालक एवं मय प्राइवेट वाहन हे0का0 प्रदीप सिंह विशेन के थाना हाजा से प्रस्थान कर साफियाबाद से नौवागाँव बाजार जाने वाली मोड़ पर मौजूद थे तथा पुलिस वाले आपस में थाना क्षेत्र में हो रहे अपराध, वाँछित अपराधियों की गिरफ्तारी के सम्बंध में बात चीत कर रहे थे कि तभी मुखबीर खास उपस्थित आया एवं सूचना दिया कि साहब गोवध वाले मामले मे जो मुल्जिम मो0 समीम पुत्र मो0 नईम मौके से भाग गया था वह अपने साथी इदू पुत्र जहीर जो गौकशीं में हर तरह का सहयोग करता था जिसका नाम प्रकाश में आ रहा है उसमे मो0 समीम बीती रात अपने रिश्तेदार इदू पुत्र जहीर के घर साफियाबाद आया था और आज दोनो इसी रास्ते से निकलकर दूर जाने की फिराक मे है यदि जल्दी किया जाये तो मिल सकता है।मुखबीर खास की बात पर विश्वास करके प्रभारी निरीक्षक दुधारा मय हमराह अधि0/कर्म0गण मय सरकारी वाहन व चालक तथा प्राइवेट वाहन के व मुखबीर खास के प्रस्थान कर साफियाबाद से नौवागाँव बाजार वाली सड़क पर तालाब के पास कटे तिराहे के पहुंचे तथा सरकारी वाहन व प्राइवेट वाहन को पास मे बाग मे पेड़ झाड़ की आड़ में अंधेरे में गाडी छुपाकर अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु अंधेरे व झाड़ का आड़ लेकर गडाबंदी कर आने वाले व्यक्तियों का इन्तजार करने लग।

# वृन्दावन के परमेश्वरी देवी धानुका सरस्वती विद्या मंदिर में धूमधाम से मनाया गया बाबू गुलाब राय का 138 वां जयंती समारोह

(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)



**वृन्दावन।** गौशाला नगर स्थित परमेश्वरी देवी धानुका सरस्वती विद्या मंदिर में हिन्दी के सुविख्यात साहित्यकार बाबू गुलाब राय का 138 वां जयंती समारोह बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया।समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं बाबू गुलाब राय के चित्रपट पर माल्यार्पण करके किया गया।तत्पश्चात प्रख्यात साहित्यकार "यूपी रत्न" डॉ. गोपाल चतुर्वेदी की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी का आयोजन सम्पन्न हुआ।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पधारे ठाकुर श्रीराधा रमण मन्दिर के सेवाधिकारी वैष्णवाचार्य श्रीवत्स गोस्वामी ने बाबू गुलाब राय का स्मरण करते हुए कहा कि बाबू गुलाब राय के स्मृति उत्सव में शामिल होना गौरव की बात है। उन जैसा साहित्यकार, न्यायाधीश होना मुश्किल है। उनके कृतित्व की सुगंध ऐसी है,कि उनके ग्रंथों का उच्चारण मात्र से ही हम सभी अभिभूत हो जाते हैं। संस्कृति की परवाह करने वाले थे बाबूजी। उन्होंने अज्ञान और अंधकार को मिटा कर भारतीय संस्कृति और साहित्य के भी पुष्पों को पल्लवित किया।मुख्य वक्ता साहित्यकार डॉ. अतुल प्रभाकर ने कहा कि बाबू गुलाब राय का व्यक्तित्व आकाश की तरह विशाल था। उनका साहित्य गद्य था, उसमें भी निबंध और समीक्षा प्रमुख थीं। नई पीढ़ी को उनके समग्र साहित्य का अध्ययन करना चाहिए। उनके लेखन की भाषा सरल और रोचक थी। जयंती समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्रख्यात साहित्यकार "यूपी रत्न" डॉक्टर गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि बाबू गुलाब राय हिंदी साहित्य आकाश के एक ऐसे जाजुल्यमान नक्षत्र हैं,जो लोगो को अपने साहित्य के द्वारा हमेशा प्रेरणा देते रहेगें।

हिंदी साहित्य के मनीषी डॉ. प्रताप पाल शर्मा ने कहा कि आचार्य रामचंद्र शुक्ल जैसे साहित्यकारों की तरह बाबू गुलाब राय का नाम लिया जाता है। वे साहित्यकारों का मार्गदर्शन करने वाले रहे। बाबू गुलाब राय स्मृति संस्थान, आगरा के अध्यक्ष एवं विख्यात कवयित्री डॉक्टर शशि तिवारी ने प्रारंभ में सरस्वती मां की वंदना की।साथ ही पिछले वर्षों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। आर.बी.एस. कॉलेज की पूर्व प्राचार्य एवं साहित्यकार डॉ. सुषमा सिंह ने बाबू गुलाब राय को देश का अनुपम साहित्यकार बताते हुए उनके साहित्य पर अनुसरण करने की बात कही।

## घर से ड्यूटी के लिए निकले व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर झालू घर से ड्यूटी पर निकले व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में हुई मौत अचानक से व्यक्ति की मौत होने से गांव में दौड़ी शोक की लहर। पुलिस ने शव को लेकर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया अस्पताल। प्राप्त जानकारी के अनुसार रात्रि करीब नौ बजे ज्ञानेंद्र पुत्र ओमप्रकाश उर्म लगभग 55 वर्ष निवासी गांव समालखेडी मोटरसाइकिल पर सवार होकर बिजनौर ड्यूटी करने के लिए घर से जा रहा था जैसे ही वह गोलबाग चौराहे के पास पहुंचा तो उक्त समय नूरपुर से बिजनौर की ओर जा रहे एक ट्रक की चपेट में उसकी मोटरसाइकिल आ जाने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की जानकारी राहगीरों ने झालू चौकी पुलिस को दी। पुलिस आनन फानन में दुर्घटना स्थल पर पहुंची और घायल को उपचार हेतु एंबुलेंस में भिजवाया जहां रास्ते में ही उपरोक्त व्यक्ति ने दम तोड़ दिया।

# मां चामुंडा मंदिर पर भंडारे का आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**मुरादाबाद।** विश्व हिन्दू महासंघ के जिलाध्यक्ष महेश शर्मा के नेतृत्व में महासंघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ग्राम धूरेटा, तहसील सम्भल में स्थित माँ चामुंडा के मंदिर पर अखंड रामायण के समापन पर हुए भंडारे में भाग लिया इस मोके पर महासंघ के जिला संयोजक ब्रजेश कुमार प्रजापति, वीरेश कुमार प्रजापति, विनोद शर्मा, हरीराज सैनी, हर प्रसाद सैनी, भीकम कश्यप, राहुल कुमार इत्यादि ग्राम वासियों ने मिलकर फूल माला पहनाकर सभी का स्वागत किया महासंघ के सदस्यों ने पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण कर धूरेटा ग्राम वासियों के मन्दिर निर्माण हेतु किए गए संघर्ष को याद किया तथा सदेव ग्राम वासियों के साथ खड़े होने का संकल्प लिया। इस मौके पर महासंघ के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार, उपाध्यक्ष प्रकाश चंद शर्मा, सदस्य राहुल प्रताप सिंह, नन्नू फूल माली, अशोक शर्मा इत्यादि उपस्थित रहे।

## शिक्षा के मंदिर मे चोरी करने वाले तीन शातिर चोर गिरफ्तार



**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** जनपद के थाना कठेला समयमाता पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की।दो दिन पहले राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धोबहा में हुई चोरी की घटना का शुक्रवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया। चोरी के मामले में तीन संदिग्धों मो. इसराइल, इबारत अली उर्फ पट्टू, राज पासवान उर्फ पेप्सी को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से विद्यालय से चोरी हुआ वाटर कूलर बरामद किया गया। पकड़े गए तीन आरोपियों पर पहले भी मामले दर्ज हैं। तीनों को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस लाइंस सभागार में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए एएसपी प्रशांत कुमार प्रसाद ने बताया कि विद्यालय में हुई चोरी के मामले का पदार्फाश करने के लिए टीम लगाई गई थी। थानाध्यक्ष कठेला समय माता अभय सिंह की अगुवाई वाली टीम को मुखबिर से जानकारी मिली की क्षेत्र के गाजीपुर मोड़ के पास संदिग्ध मौजूद हैं। सूचना को संज्ञान में लेते हुए टीम मौके पर पहुंच गई। तीन संदिग्ध दिखे, जिन्हें घेराबंदी करके पकड़ लिया गया। पूछताछ में उनकी पहचान मो. इसराइल ग्राम धोबहा टोला पीपरी, इबारत अली उर्फ पट्टू ग्राम कठेला शर्की टोला बरमपुर व राज पासवान उर्फ पेप्सी ग्राम धोबहा टोला पीपरी के रूप में हुई। उनके कब्जे से विद्यालय से चोरी वाटर कूलर बरामद किया गया। पूछताछ में उन्होंने चोरी की बात स्वीकार की है।

# भगवंत पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**चांदपुर।** भगवंत पब्लिक स्कूल नूरपुर रोड चांदपुर में बसंत पंचमी का कार्यक्रम बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के उप प्रधानाचार्य नितिन कुमार शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विशेष प्रार्थना सभा का शुभारंभ किया। विशेष प्रार्थना सभा में सरस्वती वंदना व वसंत ऋतु के महत्व पर भाषण व गीत आदि प्रस्तुत किए गए।

उपप्रधानाचार्य नितिन कुमार शर्मा ने बसंत पंचमी उत्सव के महत्व के बारे में विस्तार से बताया इसके बाद विद्यालय प्रांगण में बने सरस्वती शकुंतला सरस्वती मंदिर में हवन पूजन का आयोजन किया गया जिसमें सभी अध्यापकों व विद्यार्थियों ने हवन में आहुतियां देकर मां सरस्वती की स्तुति की। हवन में शकुंतला महाविद्यालय के। प्रधानाचार्य डॉ हरगोविंद पाठक, उप प्रधानाचार्य डॉ शिवानी शर्मा व भगवंत पब्लिक स्कूल के उपप्रधानाचार्य नितिन कुमार शर्मा, विशेष यजमान रहे। भगवंत ग्रुप के अध्यक्ष डॉ अनिल सिंह, चेयर पर्सन डॉ आशा सिंह ने सभी को वसंत पंचमी की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर शकुंतला महाविद्यालय व भगवन्त पब्लिक स्कूल के छात्रों सहित समस्त स्टाफ के लोग उपस्थित रहे।

## अरमान के हत्यारे को पुलिस प्रदीप राहुल ने किया गिरफ्तार,

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**जनपद बिजनौर।** नजीबाबाद नगर पंचायत जलालाबाद निवासी अरमान पुत्र स्व. महबूब की हत्या उसके ही साथियों ने रंजिश के चलते की थी। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त डंडा भी बरामद कर लिया है जबकि उसका दूसरा साथी अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। जलालाबाद के मौहल्ला शेख सराय निवासी स्व. महबूब के पुत्र अरमान की दो दिन पूर्व पीट पीट कर हत्या कर दी गई थी पुलिस ने शहबाज पुत्र महबूब की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर हत्यारो की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिये थे। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उक्त घटना से सम्बंधित अभियुक्त शमशाद पुत्र अनवार निवासी मौ. कुरैशियान कस्बा जलालाबाद हाल निवासी आसरा कालोनी जलालाबाद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा भी बरामद कर लिया है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त शमशाद ने बताया कि वह मजदूरी करता है तथा अपने मित्र गफ्फार पुत्र अजब्बार निवासी मौहल्ला महल सराय जलालाबाद के साथ बैठकर नशा करता था। मृतक अरमान उनके पास आता था तथा बदतमीजी करते हुए उनका मजाक बनाता था। 20 जनवरी को अभियुक्त शमशाद व उसके मित्र गफ्फार अरमान को उसके घर से सहकारी समिति के पास ले गये जहां अरमान ने गफ्फार की टोपी को लेकर मजाक करना शुरू कर दिया।

## रातो रात धरती का सीना चिर कर खो नदियो से हो रहा रेत बजरी का खनन



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**नगीना।** खाकी और खादी के गठजोड से रातो रात धरती का सीना चिर कर खो नदियो से हो रहा रेत बजरी का खनन। खनन माफिया के सामने नगीना देहात पुलिस बौनी साबित हो रही है। जबकि इस अवैध रेत बजरी खनन की शिकायत जिला अधिकारी, पुलिस अधीक्षक के अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दरबार जा पहुंची है नगीना देहात क्षेत्र में कई ऐसी खो नदिया है जिन पर खाकी और सत्ताधारी बड़े से लेकर छोटे तक नेताओं की हर समय निगाहें टिकी रहती हैं क्योंकि खादी और खाकी के रातों-रात करोड़पति बनने का रास्ता इन्हीं खो नदियों से होकर जाता है। पहले इन नदियों पर बड़े-बड़े नेताओं द्वारा अपने चेहते के नाम पेटटे करा जेसीबी व अन्य बड़ी-बड़ी मशीनों द्वारा दिन रात धरती का सीना चीर कर रेट बजरी का खनन कराते हैं। लेकिन पिछले कई महिनो से शासन स्तर रेट बजरी के पेटटे किसनो व नेताओं के नाम नहीं हुए हैं। फिर भी क्षेत्र के बाहुबली सत्ताधारी नेताओं और खादी के गठजोड़ से बिना किसी डर भय के सोना उगलने वाली खो नदियों में रात के समय जेसीबी पोक वे अन्य बड़ी-बड़ी मशीने लगाकर खुलेआम ट्रैक्टर ट्रालो से रेत और बजरी का खनन धड़ल्ले से रहा है। खाकी और खादी की ताकत के सामने कोई भी आवाज उठाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है क्योंकि जो भी आवाज उठाने का साहस करता है तो यह खनन करता जो दबंग और बाहुबली हैं उसको सबक सिखाने की धमकी दे डालते हैं। सूत्रों के माने तो हल्का पुलिस रेत बजरी का खनन करने वालों से एक ट्रैक्टर ट्राला भरने पर 4 हजार रुपए पुलिस लेती है जो जग जाहिर है। और एक रात में खो नदियों से एक रात मे 50 से अधिक ट्रैक्टर ट्राले रेत बजरी से भर जाते है। सूत्रों ने यह भी बताया कि यदि लखनऊ से जांच टीम जांच करने खो नदियों पर जाती है तो वहां के पुलिस डिपार्टमेंट को पहले से ही सूचना मिल जाती है जिसके अनुसार जांच टीम पहुंचने से पहले ही हल्का पुलिस और राजस्व कर्मचारी बड़े और गहरे गहरे गाडो मशीनों द्वारा प्लेन करा देते हैं। जिन्हें देख कर लखनऊ या आला अफसरो की टीम सब कुछ ओके देखकर बिना कार्रवाई किए ही बैंरन लौट जाती है। जिससे खननकताओं खाकी और खादी की बाछे खील उठती है।

# आगरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 225 किलो से अधिक अवैध गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**



आगरा पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना नाई की मण्डी में छापेमारी की। इस ऑपरेशन में पुलिस ने 225.360 किग्रा अवैध गांजा बरामद किया, जिसकी अनुमानित कीमत 1.15 करोड़ रुपये बताई जा रही है। पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट आगरा के निर्देशन में हुई इस कार्रवाई में थाना नाई की मण्डी की पुलिस टीम, साइबर सर्विलांस/काउंटर इंटेलीजेंस टीम के साथ मिलकर काम कर रही थी। पुलिस ने इस दौरान एक टाटा कैंटर (घटना में प्रयुक्त) को रोककर जांच की, जिसमें नारियल के नीचे छिपाकर रखा गया गांजा बरामद हुआ। इस कार्रवाई में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिनकी पहचान महेश पुत्र प्रकाश निवासी ग्राम बस्तोई थाना सिकन्दाऊ जनपद हाथरस (उम्र 25 वर्ष) और दिलीप कुमार पुत्र लल्लू सिंह निवासी भील नगर थाना सकरोली जनपद एटा (उम्र 24 वर्ष) के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे अवैध गांजा का व्यापार करते थे और इसे आगरा में बेचने की योजना बना रहे थे। इस कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम में वीरेन्द्र कुमार, सहायक पुलिस आयुक्त, कोतवाली, कमिश्नरेट आगरा के नेतृत्व में उ0नि0 हरेंद्र कुमार (थानाध्यक्ष नाई की मंडी), उ0नि0 सौरभ सिंह, उ0नि0 अमित कुमार, उ0नि0 अजीत मलिक, उ0नि0 प्रशान्त मलिक, उ0नि0 सागर कालखण्डे, उ0नि0 शुभम सिंधू, उ0नि0 सुधांशु वाजपेयी, उ0नि0 सचिन रोशा, कां0 सत्यम मिश्रा, कां0 अमित कुमार, कां0 ताज मोहम्मद, कां0 अजय सिंह, कां0 आदेश, कां0 पवन, कां0 नितिन बालियान, कां0 अनूप, कां0 विनय, और कां0 चालक रोहताश शामिल थे।

# जेपी पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने किया मुरादाबाद महोत्सव दिशा का शैक्षिक दौरा

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**चांदपुर:** जेपी पब्लिक स्कूल धनौरा रोड चांदपुर के छात्र-छात्राओं ने मुरादाबाद महोत्सव उदिशा (साहित्य और सांस्कृतिक उत्सव) के शैक्षिक और सांस्कृतिक दौरे में हिस्सा लिया। इस दौरे का मकसद छात्रों को भारत की साहित्य, कला और संस्कृति की समृद्ध विरासत से परिचित कराना था। दौरे के दौरान, छात्रों ने विभिन्न प्रदर्शनी स्टॉल, हस्तशिल्प प्रदर्शन, पुस्तक मेले और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखा। उन्होंने पारंपरिक कलाओं के लाइव प्रदर्शन देखे और स्थानीय कारीगरों और कलाकारों से बातचीत की। शिक्षकों ने पूरे दौरे के दौरान छात्रों का मार्गदर्शन किया, और भारतीय परंपराओं को बनाए रखने और युवाओं में रचनात्मकता को बढ़ावा देने में ऐसे सांस्कृतिक उत्सवों के महत्व के बारे में बताया। छात्रों ने बहुत उत्साह और जिज्ञासा दिखाई, जिससे यह दौरा शैक्षिक और मनोरंजन दोनों बन गया विद्यालय की प्रबंधिका नीतू गुप्ता ने छात्रों के अनुशासन और भागीदारी की सराहना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनीत तोमर ने छात्रों को इस प्रकार के महोत्सव में भाग लेने के लिए अग्रसर किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, पी०जी०टी० अकाउंटेंसी अध्यापक नवनीत चौधरी ने इस महोत्सव के विषय में छात्र-छात्राओं को विस्तार पूर्वक बताया। उदिशा का दौरा सभी के लिए एक यादगार सीखने का अनुभव साबित हुआ।

# इंद्रप्रस्थ कॉलेज में बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती का आयोजन

**वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी**



**सहारनपुर।** प्रथम उपचार मॉक ड्रिल से विद्यार्थियों में जागरूकता। इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, उमाही कोटा, सहारनपुर में बसंत पंचमी एवं महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर सांस्कृतिक, शैक्षिक एवं सामाजिक चेतना से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने ज्ञान, विद्या और सृजनशीलता के महत्व को भावपूर्ण प्रस्तुति के माध्यम से दशार्या नेताजी सुभाष चंद्र बोस की स्मृति में आयोजित प्रथम उपचार (फर्स्ट एड) मॉक ड्रिल कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही। इस मॉक ड्रिल का संचालन अफ्फाक द्वारा किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को आकस्मिक दुर्घटना, चोट लगने, बेहोशी, रक्तस्राव तथा अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्राथमिक उपचार की विधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि आपदा की स्थिति में धैर्य, सतर्कता एवं सही निर्णय कितने महत्वपूर्ण होते हैं इस अवसर पर महाविद्यालय की निदेशक डॉ. अंजू वालिया ने अपने प्रेरणादायी संदेश में कहा कि ह्शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों को जीवनोपयोगी कौशल, मानवीय संवेदनाओं एवं सामाजिक उत्तरदायित्व से भी जोड़ना आवश्यक है। बसंत पंचमी ज्ञान और नवचेतना का पर्व है, वहीं नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन त्याग, साहस और राष्ट्रसेवा का जीवंत उदाहरण है।ह्व उन्होंने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की। सभी ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणास्पद बताया। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प व्यक्त किया गया।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रप्रेम, अनुशासन एवं सेवा भाव के संदेश के साथ हुआ।

# जी एस मेडिकल कॉलेज में आयोजित किया गया ब्लैकआउट मॉकड्रिल

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



हापुड़ जनपद में नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से जीएस मेडिकल कॉलेज में ब्लैकआउट मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य किसी भी आपात स्थिति, विशेषकर युद्धकालीन या प्राकृतिक आपदा के दौरान विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में अस्पताल की कार्यप्रणाली, सुरक्षा व्यवस्था तथा चिकित्सा सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित करना था।

निर्धारित समय पर पूरे परिसर में नियंत्रित रूप से बिजली आपूर्ति बंद की गई, जिसके बाद जनरेटर, यूपीएस एवं इमरजेंसी लाइटिंग सिस्टम को सक्रिय कर उनकी क्षमता और प्रतिक्रिया समय का परीक्षण किया गया। आईसीयू, ऑपरेशन थिएटर, इमरजेंसी वार्ड एवं ब्लड बैंक जैसे संवेदनशील विभागों में वैकल्पिक बिजली व्यवस्था की सुचारु कार्यशीलता को विशेष रूप से परखा गया।मॉकड्रिल के दौरान मेडिकल स्टाफ, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल कर्मियों, सुरक्षाकर्मियों तथा छात्रों को विभिन्न आपात भूमिकाएँ सौंपी गईं। मरीजों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने,इमरजेंसी निकासी मार्गों के उपयोग, स्ट्रेचर एवं व्हीलचेयर की उपलब्धता, तथा अंधेरे में कार्य करने की क्षमता का अभ्यास कराया गया।फायर सेफ्टी उपकरणों, संचार प्रणाली, कंट्रोल रूम, सायरन एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम की भी जांच की गई, ताकि आपातकाल में त्वरित सूचना प्रसारण और समन्वय में कोई बाधा न आए।जिलाधिकारी हापुड़ के कुशल मार्गदर्शन में एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार की अध्यक्षता में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा रेनू, मुख्य अग्नि सामान अधिकारी अजय शर्मा,जिला आपदा विशेषज्ञ गजेंद्र सिंह बघेल, डिप्टी सीएमओ डॉक्टर सुनील गुप्ता,चीफ वार्डन डॉ विपिन गुप्ता,थाना प्रभारी पिलखुवा श्योपाल सिंह नवराज सिंह दीपक कुमार नीरज कुमार मोहित गोयल सतीश कुमार एवं अन्य द्वारा पूर्ण रूप से योगदान दिया गया।ड्रिल के पश्चात आपदा प्रबंधन विशेषज्ञों एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा समीक्षा बैठक की गई, जिसमें व्यवस्थाओं की मजबूती, कमियों और सुधार के बिंदुओं पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने स्टाफ को नियमित प्रशिक्षण, उपकरणों के रख-रखाव तथा समय-समय पर ऐसे अभ्यास दोहराने की आवश्यकता पर बल दिया। कॉलेज प्रशासन ने कहा कि इस प्रकार की मॉकड्रिल से न केवल कर्मचारियों की सजगता बढ़ती है, बल्कि वास्तविक आपदा की स्थिति में घबराहट के बजाय अनुशासित और संगठित प्रतिक्रिया संभव हो पाती है, जिससे मरीजों और संस्थान की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## हापुड़ के दानिश कुरैशी को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी व फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन ने किया राष्ट्रीय अवार्ड देकर सम्मानित किया

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा




हापुड़ जनपद के निवासी दानिश कुरैशी को सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत 23 जनवरी 2026 को मुंबई के गोरेगांव फिल्म सिटी में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय सम्मान समारोह में केंद्रीय कैबिनेट मंत्री भारत सरकार श्री नितिन गडकरी व फिल्मो के दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन व आलिया भट्ट अभिनेत्री अभिनेता एक्टर विक्की कौशल ने उत्तर प्रदेश के जनपद हापुड़ निवासी डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वेलफेयर सोसाइटी के चेयरमैन व नगर पालिका परिषद हापुड़ के ब्रांड एंबेसडर मो दानिश कुरेशी को नेशनल गुड सेमेरिटन राहवीर के रूप में मान्यता प्रदान करते हुए अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया। पूरे भारत वर्ष से पांच व्यक्तियों एक हिमाचल, एक त्रिपुरा, एक पूना,एक पटना,एक उत्तर प्रदेश से पांचो गुड सेमेरिटन राहवीरो को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी व फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन के द्वारा सम्मानित किया गया।केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी व फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन ने कहा कि अगर सभी लोग समय रहते हुए घायलों को अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाने का कार्य करें तो समाज में परिवर्तन आएगा ओर जो घायल व्यक्ति है जो किसी का बेटा,पति, भाई है उसके घर को एक नया जीवनदान मिलेगा जो एक पुण्य का कार्य है।

## बिजलेंस टीम ने आइसक्रीम फैक्ट्री व आटा चक्की पर की छापेमारी

असदुल्लाह सिद्दीकी

जोगिया/सिद्धार्थनगर। जोगिया चौराहा पर बिजली विभाग की बिजलेंस टीम ने एक आइसक्रीम फैक्ट्री और आटा चक्की पर छापेमारी की। बिजलेंस टीम ने मीटर, कनेक्शन और मशीनों के लोड आदि की जांच की। टीम के जेई रितेश ने बताया कि मकान में एक घरेलू और एक वाणिज्यिक कनेक्शन पाया गया है। खपत की जांच की जाएगी। गड़बड़ी मिलने पर नोटिस देकर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर एसआई कृष्ण कुमार उपाध्याय अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।

## शिवा पाठशाला में मनाई गई नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती एवं बसंत पंचमी पर्व



वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

हापुड़ जनपद के नगर क्षेत्र के शिवा प्राथमिक पाठशाला में आस्था, देशभक्ति और शिक्षा के अनूठे संगम के रूप में नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती एवं बसंत पंचमी पर्व मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने देशभक्ति भाषण, नाटक एवं मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।प्रधानाध्यापिका डॉ.सुमन अग्रवाल ने नेताजी के जीवन, उनके संघर्ष और देशप्रेम पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शास्त्रों के अनुसार बसंत पंचमी ज्ञान, कला और संस्कृति का पर्व है, इस दिन कला और ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती के प्राकट्य दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसका छात्र जीवन में विशेष महत्व है। शिक्षिका नीतू नारंग ने बताया कि नेताजी ने देश के बाहर रहकर आजादी का संघर्ष किया। उन्होंने विदेशी भूमि पर आजाद हिंद फौज की स्थापना की और सिंगापुर किले से आजाद हिंद सरकार के राष्ट्रपति के रूप में विश्व को संबोधित किया।इस मौके पर शिक्षिका नीतू, डॉ.हरजीत कौर, सुमन, लक्ष्मी, सोनम आदि मौजूद थी।

## मोदी कॉलेज में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती व बसंत पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ट)।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में स्वतंत्रता समर के महानायक ,महान देशभक्त,क्रान्तिकारी, साहसी नेता, संघर्ष और बलिदान के लिए प्रसिद्ध ,विलक्षण प्रतिभा के धनी आजाद हिन्द फौज का निर्माण करने वाले जय हिन्द और दिल्ली चलो का नारा देने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती कॉलेज के शिक्षकों छात्रों एवं कार्यालय स्टाफ ने धूमधाम से पराक्रम दिवस के रूप में मनाई।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने नेताजी से संबंधित अनेक संस्मरण सुनाए तथा उन्हें नमन करते हुए समस्त स्टाफ एवं छात्रों ने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।इस दौरान बसंत पंचमी के अवसर पर माँ सरस्वती के प्रांगण में ज्ञान की देवी माँ सरस्वती से विद्यालय परिवार के लिए अमन, शांति, विवेक, बुद्धि और ज्ञान के लिए पूजा अर्चना कर विद्यालय की उन्नति के लिए हवन का आयोजन कराया गया।इस दौरान विद्यालय में एक निबंध प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया गया तथा विजयी छात्रों को कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चन्द्र अग्रवाल ने प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। पोस्टर प्रतियोगिता में कक्षा 11 के शिवोम गुप्ता प्रथम एवं कक्षा आठ के लक्ष्य द्वितीय स्थान पर रहे। निबंध प्रतियोगिता में कक्षा छह के आरव प्रथम तथा हेमंत द्वितीय स्थान पर रहे तथा कक्षा नौ के भार्गव चंदेला तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद्र अग्रवाल एवं संचालन कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने किया। इस दौरान यातायात सुरक्षा माह के दौरान बेहतर कार्य करने वाले एन सी सी कैडेट को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक टी पी सिंह,आर के सिंह,शरद कुमार बाजपेई,वाइसी शर्मा,प्रयास शर्मा, डॉ ए के जैन, संजीव कुमार, रामकुमार,बलराम सिंह,डॉ नीतू, सीमा सिंह, डॉ पूनम वशिष्ठ, शिवानी बागोरिया, वर्षा चौधरी,संजीव कुमार,राजीव सिंह, राजीव वर्मा, योगेन्द्र कुमार, हरिओम त्यागी, आशाराम त्यागी, अनिल कुमार, के के शर्मा, अनीता अग्रवाल, कामिनी, रूमा चौधरी, ज्योति बालियान, रेखा, रानी, चंचल, प्रीति, सतीश के साथ साथ विद्यालय के समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

## ओवरब्रिज निर्माण कार्य का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



असदुल्लाह सिद्दीकी

**बांसी/ सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा बहराइच-खलीलाबाद रेल लाइन निर्माण कार्य के तहत ग्राम छितौना में ओवरब्रिज निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान ओवरब्रिज निर्माण कार्य में पायलिंग का कार्य प्रगति में पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्माण कार्य में तेजी लाने के साथ गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान एडीएम गौरव श्रीवास्तव, एसडीएम बांसी व कार्यदायी संस्था के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कुश्ती में पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों का किया स्वागत

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ट)।** नेपाल से कुश्ती में पदक जीत का लौटे खिलाड़ियों का गांव खंजरपुर में भव्य स्वागत किया गया। खिलाड़ियों का गांव खंजरपुर में डीजे,ढोल नगाड़ों के साथ विजयी जुलूस निकाला गया। गांव की प्रत्येक गली, नुकड्ड और चौराहों पर खिलाड़ियों का फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया।सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि मोदीनगर की विधायक डॉ मंजू शिवाच रही।इस कार्यक्रम में क्षेत्र अनेक गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक एवं राजनीतिक संस्थाओं के पदाधिकारी ,पूर्व सैनिक संघ के द्वारा खिलाड़ियों का फूल मालाओं, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।ग्राम खंजरपुर के निवासियों द्वारा खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र, ट्रैकसूट एवं नगद धनराशि देखकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे मास्टर प्रेम चौधरी खंजरपुर ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम वासियों ने भरपूर सहयोग और समर्थन किया। कुश्ती कोच अभिषेक चौधरी ने बताया कि उनके पहलवानों ने अपने दांव पेंचों का प्रदर्शन करके मेडल प्राप्त किये है।पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में कोच अभिषेक चौधरी,कृष्णा चौधरी, कनिष्क चौधरी, देव सांगवान,अविरल शर्मा, नवनीत चौहान, कुणाल सैनी, उमेश शर्मा, निशांत वीरवाल रहे। इस कार्यक्रम में ग्राम खंजरपुर के प्रधान सुबोध सांगवान ,पूर्व प्रधान रामपाल सिंह, पूर्व प्रधान राजकुमार सिंह , सुंदर पाल बीडीसी ,विराट सांगवान ,देवेंद्र चौधरी तथा अनेक ग्रामवासी मौजूद थे। सुमन चौधरी रालोद, जयदीप चौधरी राष्ट्रीय लोकदल, विपिन गुलियां ,बाबा परविंदर आर्य, डॉक्टर रुपेश पूनिया, शहीद भगत सिंह मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन चौधरी समेत क्षेत्र के अनेक सदस्य मौजूद रहे।


## टीआरएम पब्लिक स्कूल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती एवं बसंत पंचमी का पर्व मनाया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ट)।** तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती एवं बसंत पंचमी के अवसर पर विद्यालय परिसर में विविध शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन गरिमामय एवं अनुशासनात्मक वातावरण में किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके उपरांत बसंत पंचमी के अवसर पर विद्या की देवी माँ सरस्वती की वंदना एवं पूजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को नेताजी के प्रेरणादायक जीवन, उनके विचारों तथा भारतीय संस्कृति में बसंत पंचमी के महत्व से अवगत कराया गया। प्री-नर्सरी से कक्षा पाँच तक के विद्यार्थियों द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन एवं बसंत पंचमी से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कक्षा छह से कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कक्षा नौ के विद्यार्थियों द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन-परिचय पर आधारित लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसी क्रम में कक्षा ग्यारह के विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।विद्यालय में आयोजित समस्त कार्यक्रम शासन एवं उच्चाधिकारियों द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूर्ण अनुशासन, गरिमा एवं उत्साह के साथ सफलतापूर्वक संपन्न कराए गए। विद्यालय परिवार द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं माँ सरस्वती को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## बीटीएम पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी एवं नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती मनाई



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ट)।** सीकरी रोड मानकी स्थित बी० टी० एम० पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी एवं नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती मनाई गई।इस अवसर पर सर्व प्रथम माँ सरस्वती की पूजा एवं वंदना की गई। कार्यक्रम में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जन्म से मृत्यु तक देश को स्वतन्त्र करने के लिये सभी प्रयासों पर चर्चा की गई ।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये विद्यालय के सभी शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी ने भरपूर सहयोग किया। क्रार्यक्रम का संचालन रीना मैडम व अध्यक्षता चैयरमैन सतीश तैवितया ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य पी शर्मा, दिनेश विवेक अनीता बबीता, रेखा, कृष्णा चंचल, शहजीन, संगीता, सुमन, राजकुमारी दीपिका खुशबु, इत्यादि अध्यापक उपस्थित रहे ।

## देश के युवाओं को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के विचारों पर चलने की आवश्यकता- सुनील शर्मा

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ट)।** शहर कांग्रेस कमेटी मोदीनगर के तत्वावधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर एकत्रित होकर फूलमाला चढ़ाकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्मदिन धूमधाम से मनाया।

कांग्रेस कार्यकताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस अमर रहे जब तक सूरज चांद रहेगा नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी तुम्हारा नाम रहेगा के नारे लगाए। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य सुनील शर्मा ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस जी जिन्हें नेताजी के नाम से देश में जाना गया । उन्होने नारा दिया था कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा।जो आज भी देश के हर नागरिक व युवाओं के दिलों पर अंकित है ।यह नारा राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता, कर्तव्य और जिम्मेदारी का एहसास कराता है हमें अपनी स्वतंत्रता को मजबूती देने के लिए अपने प्रयासों में दृढ़ रहना होगा जो महान बलिदानों और प्रयासों से प्राप्त हुई है। इस मौके पर मुख्य रूप से शहर कांग्रेस कमेटी मोदीनगर के शहर अध्यक्ष बृजेश कुमार सेन, पूर्व प्रदेश सचिव युवक कांग्रेस अभिनवशर्मा, मोदीनगर ब्लॉक अध्यक्ष चांद वीर चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय शर्मा, कांग्रेस नेता अजीत मलिक, मोदीनगर शहर कांग्रेस कमेटी के सचिव पवन कोरी आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## अतिक्रमण हटाने व भू माफियाओं के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाई किए जाने हेतु बैठक आहूत



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ट)।** उपजिलाधिकारी अजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील मोदीनगर के राजस्व ग्रामों में ग्राम पंचायत/सार्वजनिक भूमि/सम्पत्ति से अतिक्रमण हटाने व भूमाफियाओं के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाई किए जाने हेतु बैठक आहूत की गयी है। जिसमें सम्बन्धित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये गये। तहसीलदार रजत सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त अमित कुमार सक्सेना, क्षेत्रीय वनाधिकाारी मोदीनगर, अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग खण्ड-2 गाजियाबाद, अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई गंग नहर मेरठ खण्ड मेरठ तथा प्रभार निरीक्षक थाना भोजपुर उपस्थित रहे।

# नगर निगम ने उपकरणों और सफाई मित्रों संग निकाली भव्य रैली

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर निगम ने शहर की स्वच्छता और सुंदरता को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक अभिनव और प्रेरणादायी पहल करते हुए शुक्रवार को 'बसंत के रंग, स्वच्छता के संगज् थीम पर इंदिरापुरम क्षेत्र में भव्य स्वच्छता रैली का आयोजन किया।

इस रैली को महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में पार्षदों, निगम अधिकारियों, सफाई मित्रों और विभिन्न विभागों की टीमों की व्यापक सहभागिता देखने को मिली। इंदिरापुरम में कनावनी पुलिया से प्रारंभ होकर सीआईएसएफ रोड तक निकाली गई इस रैली में नगर निगम के करीब 77 आधुनिक स्वच्छता व रखरखाव उपकरण शामिल किए गए।




**महापौर और नगर आयुक्त ने दिखाई हरी झंडी**

इनमें सुपर सकर, जेटिंग मशीन, मिनी जेटिंग मशीन, रोबोटिक मशीन, डिसिल्टिंग मशीन, एंटी स्मॉग गन, जेसीबी, पोकलेन, फॉगिंग मशीन, वेक्ट्रा मशीन, टॉयलेट क्लीनिंग मशीन, डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण वाहन, रोड स्वीपिंग मशीन, ट्रिमर, ट्रैक्टर, पानी के टैंकर, एफएसएसएम मशीन सहित अन्य अत्याधुनिक उपकरण शामिल रहे। प्रत्येक मशीन पर उसके कार्य और उपयोग की जानकारी प्रदर्शित की गई, जिससे आम नागरिकों को नगर निगम के दैनिक कार्यों की स्पष्ट झलक मिल सके। रैली में हजारों की संख्या में सफाई मित्रों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। इसके साथ ही उद्यान विभाग के माली, निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जलकल विभाग और प्रकाश विभाग की टीमों ने भी अपने-अपने दायित्वों और कार्यप्रणाली का प्रदर्शन किया। नगर निगम की इस पहल को शहरवासियों ने सराहा और इसे स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाला कदम बताया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा पहली बार इस प्रकार की उपकरण-आधारित स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया है, जिसका उद्देश्य निगम के कार्यों को पारदर्शी ढंग से जनता तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि शहर की स्वच्छता और सुंदरता निगम की पहली जिम्मेदारी है और इसके लिए निगम का हर विभाग प्रतिदिन समन्वय के साथ कार्य कर रहा है। रैली के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि आधुनिक तकनीक और समर्पित मानव संसाधन के जरिए शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने का निरंतर प्रयास जारी है। कार्यक्रम में पार्षद हिमांशु चौधरी, पार्षद संजय सिंह, पार्षद विनय चौधरी, पार्षद मनोज त्यागी सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके अलावा अपर नगर आयुक्त, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा वीए टेक और वाबैग की टीम का भी रैली के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग रहा। नगर निगम की यह भव्य स्वच्छता रैली न केवल एक संदेश थी, बल्कि शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने के सामूहिक संकल्प का प्रतीक भी बनी।

# अयोध्या श्रीराम मंदिर निर्माण की द्वितीय वर्षगांठ पर निकली भव्य शोभा यात्रा



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण की द्वितीय वर्षगांठ के पावन अवसर पर शुक्रवार को कौशांबी क्षेत्र में भव्य और ऐतिहासिक शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। धार्मिक आस्था, श्रद्धा और उत्साह से सराबोर इस यात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। शोभा यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में साहिबाबाद विधानसभा से विधायक एवं प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल एवं पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल ने माननीय मंत्री का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि इस शोभा यात्रा में उमड़ी अपार भीड़ यह दशार्ती है कि समाज में राम के आदर्शों के प्रति गहरी आस्था है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानो कलियुग समाप्ति की ओर है और सतयुग का आगमन होने जा रहा है। उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी आयोजकों और सहभागियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। शोभा यात्रा के आयोजन संयोजक दीपक गुप्ता, सुनील गांधी एवं पप्पू चौपाल को इस भव्य और अनुशासित आयोजन के लिए विशेष रूप से धन्यवाद दिया गया। यात्रा में बैंड-बाजा, ढोल-नगाड़े, घोड़े और घोड़ा-बग्गी आकर्षण का केंद्र रहे। भगवान श्रीराम और माता सीता के स्वरूप में सजे कलाकारों का जगह-जगह पुष्पवर्षा और आरती के साथ स्वागत किया गया।

## ट्रिनिटी स्कूल में बसंत पंचमी का पर्व भक्ति और उल्लासपूर्वक मनाया



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ट)।** ट्रिनिटी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, अबूपुर रोड में बसंत पंचमी का पर्व वैदिक विधि-विधान के साथ भक्ति और उल्लासपूर्वक मनाया गया।इस पावन यज्ञ का आयोजन विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. संदीप रूहेला एवं प्रबंधिका श्रीमती रितु गोयल के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें प्रधानाचार्या श्रीमती सलोनी पंवार ने यज्ञ संपन्न कराया। माँ सरस्वती जयंती के शुभ अवसर पर शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने यज्ञ में आहुति प्रदान की। कार्यक्रम का समापन आशीर्वाद, प्रसाद वितरण एवं विद्यालय परिवार के सामूहिक सहयोग से सफलतापूर्वक हुआ।

## पीएम स्वनिधि योजना के तहत क्रेडिट कार्ड का शुभारंभ, 25 लाभार्थियों को ऋण प्रमाण पत्र वितरित

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुक्रवार को केरल के तिरुवनंतपुरम से पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत क्रेडिट कार्ड का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर देशभर के एक लाख पथ विक्रेताओं को बैंकों के माध्यम से ऋण वितरण किया गया। प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण गाजियाबाद के कविनगर स्थित जानकी भवन में आयोजित किया गया, जहां अधिकारियों और लाभार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, उद्यान प्रभारी एवं मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ अनुज कुमार सिंह, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, पीएनबी डीसी तथा एसबीआई डीसी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस दौरान जनपद के पांच पथ विक्रेताओं को पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत क्रेडिट कार्ड प्रदान किए गए। साथ ही नगर आयुक्त द्वारा 25 लाभार्थियों को ऋण वितरण प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनके चेहरों पर आत्मविश्वास और संतोष साफ नजर आया। अधिकारियों ने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना का मुख्य उद्देश्य रेहड़ी–पटरी और छोटे स्तर पर व्यवसाय करने वाले पथ विक्रेताओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इस योजना के माध्यम से न केवल उन्हें सस्ता और सुलभ ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, बल्कि डिजिटल लेन–देन के माध्यम से उन्हें औपचारिक अर्थव्यवस्था से भी जोड़ा जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान यह भी कहा गया कि पीएम स्वनिधि योजना ने देशभर में लाखों पथ विक्रेताओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। क्रेडिट कार्ड और ऋण सुविधा मिलने से अब वे अपने छोटे व्यवसाय को आगे बढ़ा सकेंगे और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगे।

## पराक्रम दिवस पर मेवाड़ में गूंजा नेताजी का जयघोष, देशभक्ति में रंगा परिसर

**गाजियाबाद।** वसुंधरा सेक्टर–4सी स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों ने पूरे संस्थान परिसर को राष्ट्रप्रेम के रंग में रंग दिया। समारोह को संबोधित करते हुए मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस कभी मर नहीं सकते, वे अमर हैं और सदैव देशवासियों के हृदय में जीवित रहेंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं में एकता, साहस और राष्ट्रभक्ति की भावना नेताजी के जीवन और देशहित में किए गए कार्यों से ही भरी जा सकती है। डॉ. गदिया ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि देश में यदि कोई एकमात्र सच्चा नेता हुआ है तो वह नेताजी सुभाषचंद्र बोस हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यदि नेताजी होते तो देश को अखंड भारत का स्वरूप अवश्य प्राप्त होता। डॉ. गदिया ने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे हर वर्ष कम से कम एक ऐसा विद्यार्थी अवश्य तैयार करें, जिसमें सच्ची देशभक्ति, संवेदनशीलता और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना हो, ताकि भावी पीढ़ी राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सके। इस अवसर पर मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने भी नेताजी के जीवन, त्याग और संघर्ष पर सारगर्भित विचार रखे और विद्यार्थियों को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविताएं और प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। समारोह का कुशल संचालन अनिरुद्ध द्वारा किया गया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, जिससे वातावरण पूर्णत: देशभक्ति से सराबोर हो गया।

# किन्नर गुरु पिंकी व उनकी टीम को बार-बार जान से मारने की धमकी, पहले भी हो चुका है विवाद

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद(अरुण मिश्रा)।** श्याम पार्क की निवासी किन्नर गुरु पिंकी एवं उनकी टीम को लगातार जान से मारने की धमकियाँ मिलने का मामला बेहद गंभीर होता जा रहा है। पीड़ितों ने गाज़ियाबाद के नंदग्राम थाने में तहरीर देकर बताया कि यह घटना पहली बार नहीं है, बल्कि इससे पहले भी इसी तरह की धमकी, लड़ाई-झगड़े और विवाद हो चुके हैं, जिनका पुलिस के समक्ष बैठकर आपसी फैसला कराया गया था। गुरु पिंकी का कहना है कि पुलिस के सामने समझौता होने के बाद कुछ समय तक स्थिति सामान्य रही, लेकिन अब वर्षा नामक महिला व उसके अन्य साथियों ने दोबारा वही हरकतें शुरू कर दी हैं। आरोप है कि फोन कॉल के जरिए जान से मारने की धमकी दी जा रही है और अभद्र, आपत्तिजनक व अमर्यादित शब्दों का




प्रयोग किया जा रहा है। पीड़ित पक्ष के पास धमकी की ऑडियो रिकॉर्डिंग और वीडियो फुटेज मौजूद है, जिसमें साफ तौर पर धमकी देने और गाली-गलौज करते हुए देखा और सुना जा सकता है। यह सभी साक्ष्य नंदग्राम थाना पुलिस को सौंप दिए गए हैं। गुरु पिंकी के साथ काम करने वाली टीम के सदस्य सिमरन, राशि, शिवानी, पम्मी, सपना, सना और कविता भी लगातार डरे हुए हैं और उनका कहना है कि बार-बार की धमकियों के कारण उनकी जान को वास्तविक खतरा बना हुआ है।

किन्नर समाज ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि चूंकि मामला दोहराया जा रहा है और पहले हुए फैसले के बावजूद आरोपी नहीं मान रहे हैं, इसलिए अब सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया जाए और पीड़ितों को सुरक्षा प्रदान की जाए। नंदग्राम थाना पुलिस का कहना है कि तहरीर व उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के अनुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# युवक की हत्या का खुलासा, समलैंगिक संबंध से इनकार पर गुस्साए आरोपियों ने ऑटो से गिराकर फिर मफलर से गला घोंटकर की हत्या

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र में 18 जनवरी को हुए कोयला कारोबारी मेहताब की हत्या के मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार इस जघन्य वारदात को मृतक के ही दो दोस्तों ने अंजाम दिया था।

ट्रोनिका सिटी थाने के एसएचओ मनोज कुमार की टीम ने एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम के नेतृत्व में दोनों हत्याभियुक्तों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पूजा कॉलोनी निवासी नीरज और रामपार्क निवासी हर्षित पटेल के रूप में हुई है। नीरज पेशे से इलेक्ट्रिशियन है, जबकि हर्षित पटेल ऑटो चालक है। पूछताछ में सामने आया है कि 18 जनवरी को दोनों आरोपी मेहताब को अपने साथ ऑटो में बैठाकर ले गए थे। रास्ते में नीरज ने कथित तौर पर मेहताब के साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया, जिसका मेहताब ने कड़ा विरोध किया। विरोध से नाराज होकर दोनों आरोपी आपा खो बैठे। पुलिस के अनुसार, गुस्से में आरोपियों ने पहले चलते ऑटो से मेहताब को धक्का देकर नीचे गिरा दिया। इसके बाद मफलर से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की और तकनीकी साक्ष्यों व पूछताछ के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त ऑटो और मफलर भी बरामद कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक जांच में हत्या का कारण आपसी विवाद और कथित जबरदस्ती से इनकार बताया जा रहा है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है और आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि यह एक अत्यंत गंभीर आपराधिक मामला है, जिसमें सभी तथ्यों की गहनता से जांच की जा रही है।

# मिशन शक्ति' के तहत पुलिस सशक्तिकरण की नई पहल, 200 पुलिस कर्मियों ने लिया हिस्सा

**वेलकम इंडिया**


**गाजियाबाद।** आई.टी.एस. स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, मोहन नगर में 'मिशन शक्तिज् के अंतर्गत गाजियाबाद पुलिस कर्मियों के लिए आयोजित चार दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का शुक्रवार को सफल समापन हुआ। 20 जनवरी से 23 जनवरी तक चले इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में गाजियाबाद पुलिस के लगभग 200 कर्मियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिस कर्मियों को मानसिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ उनके संवाद कौशल, सार्वजनिक व्यवहार और कार्यक्षमता को और अधिक प्रभावी बनाना रहा। समापन समारोह संस्थान के चाणक्य ऑडिटोरियम लॉबी में आयोजित किया गया। इस अवसर पर आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा ने अपने संदेश में इस प्रकार के सामाजिक और राष्ट्रहित से जुड़े कार्यक्रमों के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा सभी प्रतिभागी पुलिस कर्मियों को उनकी सक्रिय सहभागिता के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों और पुलिस प्रशासन के सहयोग से समाज को सुरक्षित और सशक्त बनाने की दिशा में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने अपने संदेश में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के प्रति सम्मान और निष्ठा प्रकट करते हुए देश की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस कर्मियों की अहम भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मियों का योगदान समाज की स्थिरता और नागरिकों की सुरक्षा का मजबूत आधार है। पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके पश्चात आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, गाजियाबाद के निदेशक डॉ. अजय कुमार ने पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद श्री जे. रविन्द्र गौर एवं एडिशनल पुलिस कमिश्नर श्री केशव कुमार चौधरी के सहयोग और मार्गदर्शन के प्रति आभार व्यक्त किया।



# जीडीए की नीलामी में 11 संपत्तियों से मिली बड़ी सफलता, दो नीलामियों से लगभग 429 करोड़ रुपये की संभावित आय

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को प्राधिकरण के सभागार में विभिन्न योजनाओं के रिक्त आवासीय, व्यावसायिक, स्कूल एवं ग्रुप हाउसिंग भूखंडों की नीलामी सफलतापूर्वक संपन्न हुई। उपाध्यक्ष श्री नंदकिशोर कलाल के निर्देशन में आयोजित इस नीलामी में निवेशकों ने उत्साह और प्रतिस्पर्धात्मक भावना के साथ भाग लिया, जिससे प्राधिकरण को उल्लेखनीय राजस्व प्राप्त होने का मार्ग प्रशस्त हुआ। इस नीलामी के माध्यम से जीडीए को लगभग 234.11 करोड़ रुपये की अनुमानित आय होने की संभावना है। इससे पूर्व 8 जनवरी 2026 को आयोजित नीलामी में 11 संपत्तियों से करीब 194 करोड़ रुपये की आय प्राप्त हुई थी। इस प्रकार जनवरी माह में आयोजित दोनों नीलामियों को मिलाकर जीडीए को कुल लगभग 429 करोड़ रुपये की संभावित आय होने का अनुमान है, जो प्राधिकरण के इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। नीलामी में आवासीय, व्यावसायिक, स्कूल तथा ग्रुप हाउसिंग श्रेणी के



भूखंड शामिल रहे। विशेष रूप से शास्त्री नगर योजना के आवासीय भूखंड निवेशकों के आकर्षण का केंद्र बने। शास्त्री नगर की बागवाली कॉलोनी में स्थित दो आवासीय भूखंड, जिनका रिजर्व प्राइस 60 हजार रुपये प्रति वर्गमीटर निर्धारित था, वे क्रमश: 2.20 लाख और 2.60 लाख रुपये प्रति वर्गमीटर की रिकॉर्ड दरों पर नीलाम हुए। यह बोलियां क्षेत्र में आवासीय संपत्तियों की बढ़ती मांग और निवेशकों के विश्वास को स्पष्ट रूप से दशार्ती हैं। इसी क्रम में कौशांबी योजना के आवासीय भूखंड, जिनका रिजर्व प्राइस 93 हजार रुपये प्रति वर्गमीटर था, वे 1.61 लाख और 1.95 लाख रुपये प्रति वर्गमीटर की दर से बिके। वैशाली योजना में स्थित 4000 वर्गमीटर क्षेत्रफल वाले स्कूल भूखंड का रिजर्व प्राइस 92 हजार रुपये प्रति वर्गमीटर निर्धारित था, जो 95,500 रुपये प्रति वर्गमीटर की दर से लगभग 38.2 करोड़ रुपये में नीलाम हुआ।